13 दुकानें सील करते ही सात बकाएदारों ने चुकाया टैक्स





14 रोजगार देने के नाम पर महिलाओं के साथ ठगी...




# आत्महत्या की जांच में लापरवाही, टीआई लाइन अटैच, अवैध शराब में लिप्त तीन सिपाही सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हर तरह के मामलों की बारीकी से विवेचना करने के निर्देश के बाद भी जांच में लापरवाही बरतने वालों को मैसेज देने एसएसपी संतोष सिंह ने स्थानीय भाजपा नेता की खुदकुशी मामले की जांच में लापरवाही बरतने पर विधानसभा टीआई को लाइन अटैच करने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही शराब की अवैध खरीद-बिक्री में तीन आरक्षकों की संलिप्तता की बात सामने आने पर एसएसपी ने तीन आरक्षकों को भी निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने विधानसभा टीआई मुकेश शर्मा को लाइन अटैच करने का आदेश जारी किया है।

अलग खबर

### खुदकुशी करने वाला स्थानीय भाजपा नेता

दोंदेकला में संतोष पटेल के खुदकुशी मामले में जो बात सामने आई है, उसके मुताबिक संतोष पटेल स्थानीय भाजपा नेता है। मृतक ने शराब कोचियों के खिलाफ थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई थी। इस बात की जानकारी शराब कोचियों को मिल गई। इसके बाद शराब कोचियों ने संतोष के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना के बाद लगातार मिल रही धमकियों के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ किसी तरह से कार्रवाई नहीं होने से संतोष ने आत्मग्लानी के चलते सुसाइड कर लिया। पुलिस को मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है।

### एसएसपी ने विधानसभा टीआई मुकेश शर्मा को लाइन अटैच किया

- शराब की अवैध बिक्री में संलिप्तता पाए जाने पर तीन कांस्टेबल सस्पेंड



#### सुसाइड नोट मिला है

संतोष पटेल के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में मृतक ने दो से तीन लोगों के खिलाफ आरोप लगाए हैं। सुसाइड नोट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया गया है।

\- कीर्तन राठौर, एएसपी ग्रामीण

**तीन कांस्टेबल सस्पेंड :** एसएसपी ने विधानसभा टीआई की लाइन अटैच करने की कार्रवाई के साथ पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में संचालित डॉयल-112 में तैनात आरक्षक प्रकाश ओगरे, प्रमेश देवागंन तथा विधानसभा थाना क्षेत्र के दोंदेकला में तैनात आरक्षक देवानंद वर्मा को निलंबित किया है। इन तीनों की शराब की अवैध खरीदी-बिक्री में संलिप्तता पाए जाने पर एसएसपी ने निलंबित किया है।

विधानसभा थाना की जिम्मेदारी मुकेश की जगह यशवंत प्रताप सिंह को दी है। गौरतलब है कि बुधवार को दोंदेकला निवासी 40 वर्षीय संतोष पटेल ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया था। मृतक के बेटा समीर ने पड़ोस में रहने वाले जगन तथा अर्जुन के खिलाफ अपने पिता के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जगन तथा अर्जुन संतोष पर केस वापस लेने दबाव बना रहे थे। इस बात की भी संतोष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया। लगातार धमकी से परेशान संतोष ने ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी करने के पूर्व संतोष ने एक सुसाइड नोट लिखा है।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 9 गिरफ्तार चार लाख हुए जब्त

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने होटल पिकाडली में जुआ खेलते कारोबारी सहित 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से जुए की रकम चार लाख रुपए जब्त की है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर होटल के एक रूम में जुआ संचालित होने की खबर पर छापे की कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके पर जुआ खेलते संजय तखतानी, प्रभात मलंग, राजेश मंधानी, सुनील पंजवानी, तरूण, अमित जैन, दिनेश मोटवानी, राकेश इडवानी, मनोहर मंधानी को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। होटल मालिक के खिलाफ भी अपराध दर्ज कर पुलिस उसकी भूमिका की जांच करने की बात कह रही है।

### ठगी कर दो साल से फरार आरोपी धरा गया



**रायपुर।** पंडरी पुलिस ने ठगी के आरोप में दो साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी के आरोप में वीरेंद्र कुमार बंजारे को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, वीरेंद्र ने विजय कुमार बंजारे की पत्नी के नाम की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसी दूसरे को बेच दी थी।

### मंदिर में चोरी, दोपहिया पार, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** माना पुलिस ने मंदिर में चोरी तथा दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में दो नाबालिगों



समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोप में चंदन चेलक तथा उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया गया है। चंदन ने अपने साथियों के साथ मिलकर टेमरी स्थित हनुमान मंदिर में तथा महेश प्रजापति के घर से दोपहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया था।






### रेलवे ने यश कंस्ट्रक्शन कंपनी को 4 करोड़ 99 लाख 55 हजार में दिया टेंडर

# स्टेशन पर पार्किंग का ठेका बदला, 16 से नया सिस्टम, नो पार्किंग पर वाहनों में ताले नहीं लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन में 7 महीने के बाद पार्किंग व्यवस्था एक बार फिर से पहले की तरह हो चुकी है। रेलवे ने नई पार्किंग व्यवस्था के लिए बीते दिनों टेंडर जारी किया था, जिसकी नीलामी होने के बाद शुक्रवार को यश कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर कंपनी के सुभाष अग्रवाल को बाइक व कार पार्किंग का ठेका 16 सितंबर 2024 से 15 सितंबर 2027 तक के लिए 4 करोड़ 99 लाख 55 हजार में दिया गया है। 16 सितंबर से नई पार्किंग व्यवस्था स्टेशन में लागू हो जाएगी। नई व्यवस्था से यात्रियों की शिकायत खत्म हो जाएगी। बता दें कि पिक एंड ड्रॉप के साथ-साथ नो पार्किंग से अवैध वसूली की खबर से हरिभूमि ने यात्रियों की समस्या को उजागर किया। अंततः रेलवे प्रशासन को पूर्व पार्किंग व्यवस्था को रद्द कर नए सिरे से टेंडर जारी करना पड़ा, जिसमें नो पार्किंग और पिक एंड ड्रॉप को खत्म कर दिया गया है। अब ठेकेदार के पास नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर लॉक लगाने का अधिकार नहीं रहेगा। आरपीएफ वाहन चालकों पर कार्रवाई करने स्वतंत्र है। पूर्व व्यवस्था में रेलवे ने आरपीएफ का अधिकार ठेकेदार को दे दिया था।

हरिभूमि लगातार

- विवाद के बाद रेलवे ने पार्किंग ठेकेदार से हटाया नो पार्किंग का अधिकार
- हरिभूमि की पहल पर पार्किंग व्यवस्था सुधारने रेलवे ने नए सिरे से जारी किया टेंडर







### नियमों का नहीं हुआ पालन

रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम की शिकायतों को कम करने कई बदलाव किए। आरपीएफ, जीआरपी समेत टीटीई से भी मदद ली गई। स्टेशन में बूथ बनाया गया, लेकिन इसके बाद भी न सिस्टम सुधरा और न यात्रियों की शिकायत कम हुई। रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम के लिए जो नियम तय किया था, उसका पालन नहीं हो पाया, जिसके कारण आए दिन रेलवे को शिकायत मिल रही थी। बता दें कि रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम का ठेका तीन साल के लिए 6 करोड़ 12 लाख में दिया है, जबकि रेलवे ने 2 करोड़ 80 लाख ऑनलाइन टेंडर जारी किया था।

### नीलामी में तीन कंपनी ने लिया था भाग

पार्किंग ठेका में शहर की तीन कंपनी ने भाग लिया था। ठेकेदार सुभाष अग्रवाल ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि नई पार्किंग व्यवस्था से यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं होगी। पार्किंग शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पार्किंग स्थल पर गाड़ी खड़ी करने पर पुराना शुल्क ही लिया जाएगा। उनका कहना है कि बाइक व कार पार्किंग के नियम में भी कोई बदलाव नहीं है। 15 सितंबर को रात में पार्किंग हैंडओवर किया जाएगा। 16 से संचालन शुरू करेंगे। यात्रियों को शिकायत का मौका नहीं देंगे।

### 7 महीने तक हर दिन होते रहे झगड़े

पुराने टेंडर के दौरान नए नियम बनाने के साथ कई ऐसे अधिकार भी पार्किंग ठेकेदार को दिया गया था, जो आरपीएफ से जुड़ा था। सिस्टम लागू होने के बाद नो पार्किंग में यात्रियों से पैसा वसूलना लोगों के बीच विवादों में आ गया। 6 महीने में यात्रियों की ओर से लिखित, मौखिक व ट्विट के जरिए 500 से अधिक शिकायत पहुंची। रेलवे बोर्ड और जोन मुख्यालय तक भी लोगों ने परेशानी गिनाई, जिसके बाद जिला प्रशासन की मदद से सिस्टम को बेहतर करने का प्रयास किया गया, लेकिन रेलवे को इसमें भी सफलता नहीं मिली। हर शिकायत के बाद जांच और कार्रवाई के बाद भी सिस्टम को सुधारने में पूरा रेलवे अमला असफल रहा। नो पार्किंग, अवैध पर्ची और यात्रियों तथा पार्किंग कर्मचारी के हर दिन झगड़े की शिकायत कम नहीं हो रही थी। इसलिए अब टेंडर ही रद्द किया जाएगा।

# घर बैठे हो रहा स्वाइन फ्लू जिले में 17 एक्टिव, 90 फीसदी की ट्रैवल हिस्ट्री नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लंबे समय तक रहने वाला सर्दी, खांसी और बुखार अब जांच में स्वाइन फ्लू निकलने लगा है। रायपुर जिले में मिलने वाले संक्रमण के मामले में 90 फीसदी की ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है, वे घर बैठे अथवा अपने नियमित कार्यों के दौरान ही बीमार हुए हैं। जिले में अब तक स्वाइन फ्लू का आंकड़ा 65 तक पहुंच गया है और राज्य में ढाई सौ के करीब मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें दर्जनभर मौत भी हो चुकी है।




- संक्रमितों का आंकड़ा 65 हो चुका, राज्य में ढाई सौ के करीब मामले
- दर्जनभर मौत हो चुकी संक्रमण महीनेभर और रहने के आसार

विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक वातावरण में नमी की मात्रा बनी रहेगी, तब तक इसका खतरा बना रहेगा। माना जा रहा है कि महीनेभर बाद ही वातावरण में ठंडकता लौटेगी और स्वाइन फ्लू का खतरा कम होने लगेगा। चिकित्सकों के मुताबिक स्वाइन फ्लू के संक्रमण का मामला हर साल सामने आता है, मगर इस बार संख्या कुछ ज्यादा है और मौत के आंकड़े भी दर्जनभर हो चुके हैं। रायपुर जिले में इस संक्रमण की रोकथाम के लिए कांटेक्ट ट्रेसिंग की टीम काम कर रही है, जो संक्रमण की वजह जानने के लिए संक्रमितों से जानकारी ले रही है। सूत्रों के मुताबिक संक्रमित होने वालों में विभिन्न आयुवर्ग के लोग शामिल हैं, जिनमें पुरुषों की संख्या अधिक है, जो नियमित कार्यों से घर से बाहर निकले और वापसी के दौरान संक्रमण लेकर अपने घर लौटे। रायपुर जिले में स्वाइन फ्लू की वजह से बीते आठ माह में दो लोगों की मौत हो चुकी है। जिले में स्वाइन फ्लू के संक्रमितों का इलाज निजी अस्पताल के साथ एम्स और आंबेडकर अस्पताल में भी चल रहा है।

### फेफड़ों का संक्रमण

आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डॉ. विनय वर्मा के अनुसार एच1एन1 फ्लू को स्वाइन फ्लू के नाम से भी जाना जाता है। इंफ्लूएंजा वायरस नाक, गले, फेफड़ों की कोशिकाओं को संक्रमित करता है। वायरस हवा के माध्यम से फैलता है। जब वायरस से पीड़ित व्यक्ति खांसता, छींकता, सांस लेता या बात करता है। इसकी वजह से शरीर में दर्द, थकान, कमजोरी, ठंड का अहसास पसीना आना, पेट दर्द, खांसी बुखार जैसी शिकायतें होती हैं। संक्रमित व्यक्ति इसका विस्तार दो से सात दिन तक कर सकता है।

# निर्धारित से कम कर्मचारी भेज रहे वार्ड में, सफाई व्यवस्था चरमराई

## 2 ठेकेदारों पर 10-10 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में कई वार्डों के सफाई ठेकेदार अब सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने के साथ मनमानी पर उतर आए हैं। अनुबंध के अनुसार ठेकेदारों द्वारा वार्डों में निर्धारित से कम संख्या में सफाई कर्मचारियों को काम पर भेज रहे हैं, जिससे उन वार्डों की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। यही कारण है कि निगम प्रशासन का स्वास्थ्य विभाग अब ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए कार्रवाई भी कर रहा है। निगम प्रशासन ने ऐसे ही मामले में दो ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर नोटिस जारी किया है। ⏭ शेष पेज 13 पर

### बारिश के सीजन में मंडरा रहा कई वार्ड में महामारी का खतरा

बारिश का सीजन जारी है। इस सीजन में सफाई के अभाव में मलेरिया, डेंगू, हैजा, पीलिया जैसी खतरनाक बीमारियों के फैलने की भी संभावना बनी रहती है। ऐसे में ठेकेदारों की लापरवाही व मनमानी से वार्डों में सफाई कर्मचारियों की कमी से सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है, जिसके कारण वार्डों में बीमारियां फैलने की भी संभावना बनी हुई है।

### वार्ड 8 एवं 31 के सफाई ठेकेदार पर हुई कार्रवाई

निगम स्वास्थ्य अधिकारी डा. तृप्ति पाणिग्रही ने 27 अगस्त को दोनों वार्ड का निरीक्षण किया था। इस दौरान इन दोनों वार्ड में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति देखी गई, तो निर्धारित संख्या से 8 से 10 कर्मचारी कम पाए गए। कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण वार्ड में कई जगहों पर भारी गंदगी पसरी मिली। कई नाली-नाले भी कचरों से भरे पाए गए। इसे स्वास्थ्य अधिकारी ने गंभीरता से लिया और संबंधित वार्ड के दोनों ठेकेदार को पहले नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया था। इसके बाद भी जवाब नहीं दिया गया है, जिसके बाद अब दोनों ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है, साथ अंतिम बार कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के बाद भी अगर ठेकेदार स्पष्टीकरण नहीं देते हैं, तो अनुबंध निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

# माइनिंग घोटाला के आरोप में लंबे अरसे से फरार सूर्यकांत का भाई गिरफ्तार

- रजनीकांत को ईओडब्लू ने नोटिस देकर आगरा से बुलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माइनिंग घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए सूर्यकांत तिवारी के बड़े भाई रजनीकांत तिवारी को ईओडब्लू के अफसरों ने गुरुवार को गिरफ्तार कर शुक्रवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी ने रजनीकांत से पूछताछ करने 14 दिनों की रिमांड पर लिया है। रजनीकांत से जांच ऐजेंसी 12 सितंबर तक पूछताछ करेगी। जांच एजेंसी द्वारा जारी बयान के मुताबिक माइनिंग घोटाला मामले में आरोपी बनाया गया सूर्यकांत का भाई रजनीकांत फरार चल ⏭ शेष पेज 13 पर

### शराब घोटाला के आरोपियों से लगातार पूछताछ

जांच एजेंसी शराब घोटाला के साथ माइनिंग घोटाला मामले की लगातार पड़ताल कर रही है। दोनों मामलों में फरार आरोपियों की पतासाजी करने के साथ ही घोटाला में शामिल संदिग्धों से लगातार पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक शराब घोटाला मामले में जांच एजेंसी की आबकारी अधिकारियों से दूसरे दिन भी पूछताछ जारी रही। इसके साथ ही महादेव सट्टा एप से जुड़े संबंधित दस्तावेज सीबीआई को देने अफसर तैयारी में जुटे हुए हैं।

# कालेजों में पचास हजार से ज्यादा सीट खाली, बढ़ाई गई प्रवेश की तारीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में यूजी पाठ्यक्रम की पचास हजार से ज्यादा सीटों में एडमिशन पूरा नहीं हुआ। रिक्त सीटों की इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने प्रवेश की अंतिम तारीख में पंद्रह दिन की बढ़ोतरी कर दी है। अब प्रवेश की प्रक्रिया को 14 सितंबर तक पूरा किया जा सकेगा।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा खाली सीटों को ध्यान में रखते हुए दूसरी बार सीटों में प्रवेश की तिथि में बढ़ोतरी की है। पूर्व में प्रवेश की तिथि को 16 अगस्त तक बढ़ाया गया था, मगर इसमें बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी और पचास हजार से ज्यादा सीट रिक्त रह गई थी। खाली सीटों पर गंभीरता दिखाते हुए एक बार फिर अवर सचिव राकेश कुमार ध्रुव ने इस मामले में शुक्रवार को आदेश जारी किया है। अब चिकित्सा संस्थान अपने कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया 14 सितंबर तक पूरी कर सकेंगे। राज्य में रविवि सहित विभिन्न प्रमुख विवि के ⏭ शेष पेज 13 पर

### स्नातक के साथ स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए भी प्रवेश कम

- अब 14 सितंबर तक एडमिशन दे सकेंगे शिक्षण संस्थाएं



### नियमित की आदत कम

सूत्रों का कहना है कि कालेजों में जाकर नियमित पढ़ाई करने का शौक अब कम होने लगा है। ज्यादातर छात्र प्रायवेट रूप से परीक्षा में शामिल होने में दिलचस्पी दिखाते हैं। कालेज में नियमित रूप से जाकर पढ़ाई करने के बजाए वे अपना वक्त अन्य तरह के कार्यों को पूरा करने में व्यतीत करना पसंद करते हैं।

### निजी कालेजों में ज्यादा सीट

सूत्रों के अनुसार राज्य में संचालित निजी कालेजों में भी खाली सीटों की संख्या काफी अधिक है। यहां कला संकाय, वाणिज्य संकाय तथा विज्ञान संकाय की सीटें बड़ी संख्या में खाली है। रविवि के अंतर्गत संचालित होने वाले कालेजों में इन विषयों की 15 हजार से ज्यादा सीटों पर एडमिशन होना शेष है। इसी तरह अन्य विवि से संबंद्धित महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में सीटें खाली पड़ी है। राज्य में शिक्षा विभाग से जुड़े 9 विश्वविद्यालय हैं जिनसे संबंधित 264 निजी और 285 शासकीय महाविद्यालय कार्यरत हैं।

# 34 डिग्री की तेज धूप से परेशानी, अब बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दोपहर होने के बाद 34 डिग्री तक पारा पहुंचने की वजह से तेज धूप परेशानी पैदा करने लगी है। सिस्टम के ओडिशा तट पर पहुंचने से प्रदेश में अगले तीन दिन तक वर्षा की गतिविधि बढ़ने की संभावना बन रही है। रायपुर समेत में मध्य इलाके में तो इसका असर मध्यम रहेगा मगर

### भारी वर्षा बस्तर में संभव



बस्तर में भारी रूप से बारिश हो सकती है। शहर में गुरुवार की सुबह हल्की बारिश हुई थी। इसके बाद से मौसम पूरी तरह साफ है और तापमान 34 डिग्री तक पहुंच चुका है। तेज धूप की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। शुक्रवार को दिन में कड़ी धूप रही मगर शाम के बाद बादल छा गए। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार ओडिशा के ऊपर बना सिस्टम ज्यादा प्रबल होकर अवदाब के रूप में ⏭ शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने पुरातत्व नगरी सिरपुर का किया भ्रमण

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने महासमुंद प्रवास के दौरान शुक्रवार को पुरातत्व और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में प्रसिद्ध प्राचीन लक्ष्मण मंदिर का अवलोकन किया। राज्यपाल मंदिर की भव्यता और निर्माण शैली को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने तिवरदेव विहार और सुरंग टीला का भी अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने मंदिरों के इतिहास और निर्माण शैली की विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल ने इस अवसर पर विजिटिंग रजिस्टर में मंदिरों के रखरखाव की सराहना की और इनके सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने सुझाव भी दिए। इस अवसर पर महासमुंद जिला प्रशासन के अधिकारी तथा वन एवं पुरातत्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम साय आज बिलासपुर दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 31 अगस्त को बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सवेरे 9.45 बजे रायपुर पुलिस ग्राउंड हेलीपेड से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 10.20 बजे वे बिलासपुर पहुंचेंगे और वहां सवेरे 10.30 बजे अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे बिलासपुर के एक निजी होटल में आयोजित जिला उद्योग संघ बिलासपुर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। उसके बाद बिलासपुर से अपरान्ह 3.20 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 3.50 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### कांग्रेस को अपना समय याद करना चाहिए : बृजमोहन



**रायपुर।** कानून व्यवस्था पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल की पत्रकारवार्ता पर रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस को अपना समय याद करना चाहिए। कांग्रेस के समय रायपुर शहर चाकूपुर बन गया था। आदिवासियों, बच्चियों के साथ अनाचार हो रहा था। अधिकारियों के साथ मारपीट कर जमीन पर कब्जा हो रहा था। कांग्रेस के राज में कानून की स्थिति खराब रही है। आज लोग अपना जीवन शांतिपूर्ण ढंग से जी रहे हैं। चाहे किसी भी घोटाले में संलिप्त लोग हों, वह अपने दबड़ों में छिप गए हैं।

### 70 लाख को महतारी वंदन की किस्त 2 को



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 2 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर 70 लाख महतारी-बहनों को तीजा पर्व के उपहार स्वरूप महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के तहत माता-बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपए की राशि जारी की जाएगी।

# अब नया बजट बनाने की तैयारी, अपरीक्षित व्यय के नवीन मदों को नहीं मिलेगी वरीयता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ सरकार का नया वार्षिक बजट 2025-26 बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। वित्त विभाग ने बजट का कार्यक्रम तैयार कर लिया है। खास बात ये है कि नए बजट को लेकर साफ किया गया है कि बजट में अपरीक्षित व्यय के नवीन मदों के स्थान पर परीक्षित मद के रूप में प्रस्तावों को वरीयता दी जाएगी। अपरिक्षित नवीन मद के प्रस्ताव केवल मंत्री स्तरीय चर्चा में ही विचार किए जाएंगे।

## वित्त विभाग ने जारी किया बजट कार्यक्रम

### अब पांच सितंबर से बजट पर होगा काम

वित्त विभाग द्वारा जारी बजट कार्यक्रम के मुताबिक 5 सितंबर से बजट बनाने की प्रक्रिया शुरु होगी। वित्त विभाग द्वारा 5 को बजट नियंत्रण अधिकारियों को बजट राजस्व प्राप्तियों की अलग-अलग प्रविष्टियों के लिए ऑनलाईन बजट मॉड्यूल लिंक तथा हार्ड कॉपी दी जाएगी। 13 सितंबर को 31 मार्च 2024 की स्थिति में विभाग( विभागाध्यक्ष एवं अधीनस्थ कार्यालयों) में उपलब्ध वाहनों, दूरभाष एवं कंप्यूटरों की सूची तथा स्वीकृत पद संरचना एवं परिसंपत्तियों की जानकारी ऑनलाईन, एवं हार्ड कापी वित्त विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। अक्टूबर से राजस्व प्राप्तियां, वसूली के बजट अनुमान, 2025-26 के बजट प्रस्तत्वा वित्त विभाग में प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। नंवबर 4 से 8 के बीच विभागाध्यक्ष स्तरीय राजस्व प्राप्तियों पर चर्चा होगी। इस में विभागाध्यक्ष एवं विशेष सचिव अपर सचिव, संयुक्त सचिव, उपसचिव चर्चा में हिस्सा लेंगे।



### ये विशेष निर्देश भी

वित्त विभाग ने विभागों को निर्देश दिया है कि आदिवासी क्षेत्र उपयोजना तथा अनुसूचित जातियों के विशेष घटक योजना के बजट प्रस्ताव आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के वित्तीय सलाहकार प्रकोष्ठ को भेजे जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की मांग संख्याओं के अंतर्गत संचालित योजनाओं का समेकित बजट प्रस्ताव एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संबंधित विभागों से चर्चा कर तैयार किए जार वित्त विभाग को समय सीमा में भेजा जाएगा।

### क्या होता है अपरीक्षित मद

वित्त के जानकारों के मुताबिक अपरीक्षित मद से मतलब ये है कि ऐसे मद जो पूर्व में बजट में शामिल नहीं हुए हैं या उन मदों का परीक्षण नहीं हुआ है। हर बार बजट में नवीन मद में शामिल किए जाते हैं। इनकी जगह नवीन व्यय के ऐसे प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे, जिनकी स्क्रूटनी हो चुकी है। हर साल विभिन्न सरकारी विभागों के बजट में नवीन व्यय के मदों को शामिल करने का प्रस्ताव विभाग वित्त को भेजते हैं। नवीन मद के प्रस्ताव को अपरिहार्य बताकर अपरीक्षित नवीन व्यय के रूप में शामिल कराया जाता है, लेकिन ऐसा होने के कारण संबंधित वित्तीय वर्ष में योजना के क्रियान्वयन में कठिनाई आती है। इसके साथ ही पारित बजट के नवीन मद, योजना की प्रशासकीय स्वीकृति में प्रक्रियागत त्रुटि एवं अपूर्णता के कारण विलंब की स्थिति निर्मित होती है।

# पंजीयन दफ्तर में रखे सालों पुराने दस्तावेजों पर मंडरा रहा खतरा

## आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे कई हफ्तों से खराब


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के पंजीयन विभाग में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से संबंधित सालों पुराने रिकार्ड पड़े हुए हैं। इन रिकार्डों पर अब खतरा मंडराने लगा है, क्योंकि इनकी सुरक्षा के मद्देनजर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पिछले कई हफ्तों से खराब पड़े हुए हैं। इन कैमरों को सुधारा तक नहीं जा रहा है। बंद पड़े कैमरों का फायदा उठाकर किसी भी समय कोई भी दस्तावेजों से छेड़छाड़ या गायब कर सकता है, जिसके सबूत मिलने की भी संभावना नहीं रहेगी। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कैमरों का मेंटनेंस का काम चलता रहता है। अगर कैमरे खराब हैं, तो जल्द ही सुधार लिए जाएंगे।

### लोग स्वयं से करते हैं दस्तावेज सर्च

पुरानी प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री से लेकर कई न्यायालय प्रकरणों के लिए लोग स्वयं से या फिर वकीलों के माध्यम से पंजीयन दफ्तर में प्रॉपर्टी का पुराना रिकार्ड निकलवाते हैं। इसके लिए आवेदन फार्म के साथ निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जाता है। शुल्क पटाने के बाद दफ्तर के रिकार्ड रूम में रखे दस्तावेजों में अपने काम के दस्तावेज ढूंढने के लिए उन्हें स्वयं से सर्च करना पड़ता है। हालांकि सर्च के बाद दस्तावेज की फोटो कॉपी का काम दफ्तर में ही होता है। इस तरह दफ्तर में स्टॉफ की कमी के कारण कोई भी पुराना दस्तावेज को ढूंढने से लेकर कॉपी कराने तक सारा काम आवेदक को ही करना पड़ता है। सर्च के दौरान कोई भी आवेदक दस्तावेजों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं कर सके, इसलिए उन पर नजर रखने के लिए रिकार्ड रूम, कैश काउंटर सहित दफ्तर में कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें से आधा दर्जन खराब होकर बंद पड़े हुए हैं।





### मॉनिटरिंग भी नहीं की जा रही

सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए उप पंजीयक कक्ष-5 के बगल कमरे में एलईडी टीवी लगाई गई है। यहां पंजीयन दफ्तर में लगाए गए कैमरों की मॉनिटरिंग की जाती है, लेकिन इस कमरे में मॉनिटरिंग के लिए कोई स्टॉफ ही तैनात नहीं है। इस तरह सुरक्षा के मद्देनजर कैमरे तो लगाए गए हैं, लेकिन इसकी मॉनिटरिंग ही नहीं की जा रही है। यहीं कारण है कि बंद पड़े कैमरों को भी सुधारा नहीं जा रहा है।

### एजेंसी की लापरवाही, नहीं किया जा रहा मेंटनेंस

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पंजीयन दफ्तर में कैमरे लगाने और उसके मेंटनेंस का काम किसी एजेंसी को दिया गया है। इस एजेंसी के साथ अनुबंध कितने साल के लिए हुआ है और मेंटनेंस क्यों नहीं किया जा रहा है, इस संबंध में अधिकारी भी कुछ बता नहीं पा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इसका पूरा ठेका मुख्यालय से हुआ है, इसलिए इस बारे में मुख्यालय से ही जानकारी मिल पाएगी।

### 16 में 6 कैमरे बंद

पंजीयन दफ्तर में कुल 16 कैमरे लगाए गए हैं। इनमें से 6 कैमरे बंद पड़े हुए हैं। ये कैमरे रिकार्ड रूम, कैश काउंटर, हॉल, उप पंजीयक की गली, स्टाम्प बिक्री हॉल, पंजीयक कक्ष के बाहर, रिफंड काउंटर आदि जगहों पर लगे हुए हैं।

### स्कैनिंग का काम भी अटका

पंजीयन दफ्तर के रिकार्ड रूम में रखे सालों पुराने दस्तावेजों का डॉटा ऑनलाइन किए जाने का काम भी पूर्व कांग्रेस शासन काल में चल रहा था। इसके लिए दस्तावेजों को स्कैनिंग कर उन्हें ऑनलाइन किया जा रहा है। इस काम के लिए पंजीयन विभाग द्वारा किसी कंपनी से अनुबंध किया हुआ है। स्कैनिंग का काम एक-दो साल तक चलता रहा, लेकिन उसके बाद बंद हो गया है। कंपनी द्वारा अब मनमाने रूप से काम करने लगी है। सूत्रों के अनुसार स्कैनिंग का काम वर्ष 2019 से घटते वर्ष के अनुसार किया जा रहा है जो वर्ष 2017 तक ही हो पाया है। इसके पहले वर्षों के दस्तावेजों का स्कैनिंग का काम नहीं हो पाया है।

### खराब कैमरे जल्द सुधारे जाएंगे

कैमरे खराब है। इसकी जानकारी नहीं है। मेंटनेंस का काम चलते रहता है। बंद है तो उन्हें जल्द ही सुधरा लिया जाउगा। स्कैनिंग कर दस्तावेजों को ऑनलाइन करने की विस्तृत जानकारी मुख्यालय से ही मिल पाएगी।

- **आशुतोष कौशिक**, पंजीयक
जिला पंजीयन रायपुर

# सीएम साय को राजधानी में दिलाई जाएगी भाजपा की पहली सदस्यता






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में भाजपा के सदस्यता अभियान का प्रारंभ करने के लिए राजधानी रायपुर में एक बड़ा कार्यक्रम तीन सितंबर को रखा गया है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भाजपा का पहला सदस्य बनाकर सदस्यता दिलाएंगे। इसी के साथ प्रदेश में सदस्यता अभियान प्रारंभ हो जाएगा। हालांकि आम लोगों को 6 सितंबर से बूथों में सदस्य बनाने का काम होगा। राजधानी के कार्यक्रम में ओबीसी वर्ग के प्रदेश के सभी सांसद और विधायकों का भी सम्मान होगा। कार्यक्रम में शामिल होने भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण प्रसाद भी आएंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं समस्त भाजपा मोर्चा प्रभारी भरतलाल वर्मा ने बताया, भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ देश में 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हाथों सदस्यता ग्रहण कर करेंगे। इसके अगले दिन 3 सितंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज में स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के हाथों प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सदस्यता ग्रहण करके करेंगे। श्री वर्मा ने बताया, कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा को विशेष जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण प्रसाद एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की उपस्थिति में होगा। इस दौरान प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, विधायक, सांसद उपस्थित रहेंगे। श्री वर्मा ने बताया, भाजपा सदस्यता अभियान के शुभारंभ के पश्चात भाजपा के पिछड़ा वर्ग से निर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों, सांसदों व विधायकों का सम्मान भी किया जाएगा। श्री वर्मा ने कहा, पार्टी द्वारा ओबीसी मोर्चा को कार्यक्रम हेतु महती जिम्मेदारी दी गई है। सदस्यता अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु ओबीसी मोर्चा लगातार कार्य कर रहा है। इसके लिए विशेष कार्ययोजना भी बनाई गई है।

# उद्यानिकी में छत्तीसगढ़ को प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



देश की राजधानी नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित राष्ट्र स्टार की प्रदर्शनी एग्रीटेक इनोवेट इंडिया में छत्तीसगढ़ उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी को उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने स्टॉल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। उद्यानिकी विभाग के संचालक जगदीशन एस. के मार्गदर्शन में उद्यानिकी एवं वानिकी कृषकों की सफलता की कहानी पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है।

गौरतलब है कि नई दिल्ली में 29 से 31 अगस्त तक आयोजित एग्रीटेक इनोवेट इंडिया प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन के उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाई गई है। इस स्टॉल में उद्यानिकी उत्पाद पुष्प, फल, सब्जी एवं प्रसंस्कृत उत्पादों से सुसज्जित कर प्रगतिशील कृषकों की सफलता की कहानी प्रदर्शित की गई। स्टॉल में सक्ती जिले की मल्लिका किस्म की आम एवं जेरेनियम का बना हुआ रूम फ्रेशनर आदि प्रसंस्कृत उत्पाद प्रदर्शित किया गया, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के स्टॉल को आगंतुकों एवं जनप्रतिनिधियों सहित प्रबुद्धजनों द्वारा काफी सराहना मिल रही है। स्टॉल में दिल्ली सहित अन्य राज्यों के किसान उत्साह के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं।

## प्रदेश में अब तक 908.8 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक, 1 जून 2024 से अब तक राज्य में 908.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 जून से 30 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1881.6 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 506.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, 1 जून से अब तक सूरजपुर जिले में 916.4 मिमी, बलरामपुर में 1326.5 मिमी, जशपुर में 794.0 मिमी, कोरिया में 930.7 मिमी, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 929.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 745.1 मिमी, बलौदाबाजार में 945.7 मिमी, गरियाबंद में 875.5 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई। महासमुंद में 723.1 मिमी, धमतरी में 785.6 मिमी, बिलासपुर में 844.8 मिमी, मुंगेली में 940.9 मिमी, रायगढ़ में 892.2 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 535.7 मिमी, जांजगीर-चांपा में 997.0 मिमी, सक्ती 856.8 मिमी, कोरबा में 1223.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 932.2 मिमी, दुर्ग में 544.2 मिमी, कबीरधाम जिले में 711.0 मिमी, राजनांदगांव में 872.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 981.7 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 645.2 मिमी, बालोद में 910.7 मिमी, बेमेतरा में 499.3 मिमी, बस्तर में 949.9 मिमी, कोण्डागांव में 860.9 मिमी, कांकेर में 1067.6 मिमी, नारायणपुर में 1002.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 1137.9 मिमी और सुकमा जिले में 1225.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

# अस्पताल में हुई आपात व्यवस्था तो बजेगी घंटी, तैनात होंगे 12 बंदूकधारी

## मरीजों की जानकारी के लिए लगाए जाएंगे साइन बोर्ड, काउंसिलर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

किसी तरह की हिंसक घटना अथवा कोई अन्य इमरजेंसी होती है, तो अस्पताल में अलार्म बजेगा। सुरक्षा के मद्देनजर वहीं सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने के साथ 12 बंदूकधारी जवानों को तैनात किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को भटकना ना पड़े, इसके लिए वहां साइन बोर्ड लगाने के साथ काउंसिलर की नियुक्ति भी की जाएगी।

गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में आंबेडकर अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय के स्वशासी समिति की बैठक में विभिन्न फैसले लिए गए। कालेज और अस्पताल की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने के लिए वहां अलार्म सिस्टम भी विकसित किया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर वहां बंदूकधारी जवानों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। अस्पताल में इलाज के लिए प्रदेश के दूरवर्ती गांवों से भी मरीज पहुंचते हैं और उनको जांच और इलाज के लिए भटकना पड़ता है। उनकी सुविधा के लिए वहां अलग-अलग स्थानों पर साइन बोर्ड लगाया जाएगा और मदद के लिए काउंसिलर की नियुक्ति भी की जाएगी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर सात साल से बंद पड़ी पैट सीटी मशीन को प्रारंभ करने के लिए महीनेभर की तारीख फिर से तय की गई है। इसके साथ पोस्टमार्टम की व्यवस्था अपडेट करने के लिए नई वर्चुवल मशीन खरीदने के प्रस्ताव को भी सहमति दी गई है।



### जांच कराने डीके जाएंगे मरीज

पुरानी होने के साथ ज्यादा जांच का दबाव झेल रही रेडियोलॉजी संबंधी जांच के लिए आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को डीके अस्पताल भेजने की पुरानी योजना को फिर से हरी झंडी दी गई है। पूर्व में भी इस सिस्टम को लागू किया गया था, मगर भर्ती मरीज दोनों अस्पताल के बीच का सफर तय करने के लिए तैयार नहीं हुए थे।

### पुराने डीएमई दफ्तर पर बनी सहमति

पुराने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय का भवन हास्टल के रूप में उपयोग करने के लिए डीके अस्पताल को सौंपे जाने पर सहमति बनी है। इसके अलावा डीके अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण की योजना को शुरू करने के लिए भी जरूरी उपकरण जुटाने पर भी चर्चा हुई। साथ ही यहां कुछ अन्य विभाग खोलने के मामले में संसाधन की व्यवस्था करने निर्देश दिए गए हैं।

# एनएसयूआई ने गांधीवादी तरीके से किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बलौदाबाजार हिंसा घटना में विधायक देवेंद्र यादव सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं के विरुद्ध की गई पुलिस कार्रवाई के विरोध में एनएसयूआई ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया।

बलौदाबाजार हिंसा घटना में विधायक देवेंद्र यादव, एनएसयूआई पदाधिकारी सूर्यकांत वर्मा, अजीत कोशले, शैलेंद्र बंजारे सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जेल भेजा गया है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सभी को झूठे केस में फंसाया गया है। इसके विरोध में एनएसयूआई लगातार आंदोलन कर रही है। इस आंदोलन की कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को गुलाब का फूल एवं गेट वेल सून लिखा संदेश कार्ड देने के लिए निकले थे, लेकिन पुलिस बल द्वारा सभी को नगर निगम के सामने ही रोक दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सड़क पर ही बैठकर गांधीवादी तरीके से रघुपति राघव राजा राम का भजन गाकर अपना विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, जिलाध्यक्ष शहर शान्तनु झा, जिलाध्यक्ष ग्रामीण प्रशांत गोस्वामी, प्रदेश मीडिया चेयरमैन संकल्प मिश्रा, निखिल वंजारी, विकास राजपूताना, विशाल कुकरेजा, वैभव मूंजेवार, रजत ठाकुर, अंकित शर्मा, अनुज शुक्ला, आशीष तिवारी अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**



## एनसीपी प्रमुख से छग संयोजक ने की मुलाकात

**रायपुर।** एनसीपी शरदचंद्र पवार गुट के छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक पुरुषोत्तम पांडेय ने दिल्ली में पार्टी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर दक्षिण सीट पर होने वाले मध्यावधि चुनाव तथा नगरीय-पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा हुई। श्री पांडेय ने उन्हें छत्तीसगए.का संयोजक बनाए जाने के संबंध में श्री पवार का आभार जताया। इस दौरान पार्टी प्रमुख श्री पवार ने उन्हें पूरी ताकत के साथ आगामी चुनावों में प्रत्याशी उतारने कहा तथा हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। श्री पांडेय ने कहा कि प्रदेश में एनसीपी जनहित की लड़ाई लड़ेगी।

## विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक, निखिल महामंत्री



**रायपुर।** विप्र फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं छग जोन - 13 के अध्यक्ष कचरू शर्मा के निर्देश पर रायपुर चैप्टर की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में चैप्टर अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतीक पाठक, हेमंत तिवारी, मनीष पालीवाल, मुकेश राजपुरोहित, महामंत्री निखिल तिवारी, कोषाध्यक्ष धीरज शर्मा, सचिव सतीश शर्मा, दक्ष शर्मा, मंत्री मयंक शर्मा, कार्यकारिणी में पोरस शर्मा, गिरीश शर्मा, गोपाल कचवाल आदि को शामिल किया गया है।

## कोषालयीन कर्मचारी संघ का आज अधिवेशन

**रायपुर।** छग प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ का तृतीय अधिवेशन शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभाकक्ष में आयोजित है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर एवं प्रातीय महामंत्री दीपक देवांगन ने बताया कि अधिवेशन में समस्त कोषालयों से करीब 500 कर्मचारी शामिल होंगे। इस दौरान विगत 5 साल से सेवानिवृत्त हो चुके एवं संस्था के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ खेल मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब होंगे।

**निधन**

## हाजी अब्दुल वहीद



रायपुर। आदर्श नगर मोवा निवासी हाजी अब्दुल वहीद का निधन हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे-खाक किया गया। वे अब्दुल सलीम और अब्दुल रफीक (पप्पू भाई) के वालिद थे।

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ क/बी-121/2024
रायपुर, दिनांक 20.08.2024
ग्राम रायपुर खास प.ह.नं. ...,
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैकि आवेदिका/आवेदक रूशदा आफरिन आसिफ अली द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के माता स्व.श्रीमती जमीला खान पति मर्हूम शमशेर खान की मृत्यु दिनांक 16.04.2021 को घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 05.09.2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
**कार्यपालन दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

# रायपुर में एक ही पंप, गैस का टोटा, किट लगाने का धंधा हो गया छोटा

**पहले रोज 50 से 60 वाहनों में लगती थी किट, अब एक्का-दुक्का ही ग्राहक आते हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पेट्रोल की कीमत में लगी आग से राहत पाने का एक अच्छा विकल्प पुरानी कारों में गैस किट लगवाना है। लोग ऐसा करते भी हैं। कुछ साल पहले भारी संख्या में लोग गैस किट लगवाते थे, लेकिन रायपुर में वाहनों के एलपीजी गैस का एक ही पंप होने के कारण अब लोग किट लगवाने से कतराने लगे हैं। इसी के साथ अब रसोई गैस की कीमत भी नो सौ रुपए हो गई है। पहले इसकी कीमत साढ़े तीन से चार सौ रुपए थी, तो लोग इसका उपयोग करते थे, लेकिन अब इसका उपयोग भी संभव न होने के कारण कारों में किट लगाने का काम करने वालों का धंधा पहले से छोटा हो गया है। पहले रोज 50 से 60 कारों में किट लगती थी, लेकिन अब महज एक्का-दुक्का कारों में ही किट लग पाती है। लोग महंगे पेट्रोल के स्थान पर अब इसका विकल्प खोजने लगे हैं कि उनके वाहन गैस किट वाले हो जाएं या फिर इलेक्ट्रिक्स में बदल जाएं। जहां तक कारों का सवाल है तो इनको इलेक्ट्रिक्स में बदलना घाटे का सौदा है, क्योंकि इस पर खर्च साढ़े पांच लाख तक आता है, लेकिन गैस किट में बदलना आसान और सस्ता है। इस पर महज 25 से 30 हजार रुपए लगते हैं। रायपुर में कारों में गैस किट लगाने का धंधा कई सालों से करीब आधा दर्जन लोग कर रहे हैं। इनके यहां कुछ साल पहले तक गैस किट लगवाने वालों का रेला लगा रहता था। एक-एक दुकान वाले के पास रोज दर्जनभर लोग गैस किट लगवाने जाते थे।

### एक पंप यानी एक अनार सौ बीमार

रायपुर में इस समय एक मात्र एलपीजी पंप मोवा में है। जानकारों की मानें तो रायपुर में आटो और निजी कारें और वैन को मिलाकर करीब पांच हजार वाहन गैस किट वाले हैं। इनमें गैस भरवाने के लिए वाहन मालिकों को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। मोवा के पंप में लंबी लाइन लग जाती है। यही वजह है कि अब लोग गैस किट लगवाने से कतराने लगे हैं। कुछ समय पहले एलपीजी किट वाले आटो संचालकों ने हड़ताल भी की थी और सरकार से यहां पर ज्यादा पंप खोलने की मांग भी रखी थी, ताकि एलपीजी वाले आटो की संख्या में भी इजाफा हो और इससे प्रदूषण भी कम हो। अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हो सकी है।



### पंप बढ़ें तो मिलेगी राहत

गैस किट का काम करने वाले गणेश आटो के संचालक नवीन शर्मा का कहना है, अगर रायपुर में ज्यादा से ज्यादा एलपीजी वाले पंप खुल जाए तो लोग वापस गैस किट लगवाने लगेंगे। ऐसा होने से लोगों को बहुत फायदा होगा, क्योंकि गैस किट लगवाने से उनको बहुत फायदा होगा। गैस में एक वाहन का एवरेज पेट्रोल जितना ही आता है, लेकिन खर्च आधा हो जाता है, क्योंकि गैस की कीमत पेट्रोल से कम है।

## रेलवे ने नकली टिकट पर लगाम कसने के लिए निकाला नया तरीका

# लोकल ट्रेन के बाद अब काउंटर टिकट पर भी लगेगा क्यूआर कोड, अवैध टिकट पर अंकुश

- एक क्लिक पर टीटीई को मिलेगी यात्री की सारी जानकारी, जांच में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि एक्सक्लूसिव**

रेल मंत्रालय को देशभर से लगातार फर्जी व अवैध टिकट को लेकर शिकायत मिल रही है। आरपीएफ की कार्रवाई के बाद भी दलालों के हौसले बुलंद हैं। अब रेलवे टिकट की गड़बड़ियों पर लगाम लगाने के लिए टिकट में क्यूआर कोड दर्ज करवा रहा है, जिसकी शुरुआत यूटीएस टिकट, अनारक्षित टिकट प्रणाली से शुरू हो चुकी है। इस ट्रेन से यात्री लोकल ट्रेन में सफर करते हैं। जल्द ही रेलवे काउंटर से मिलने वाले टिकट में भी क्यूआर कोर्ड लगाना शुरू करेगा। नए सिस्टम से यात्रियों की जानकारी टीटीई को स्कैन करते ही यात्री किस स्टेशन से कहां के लिए टिकट है, किसके लाग-इन से बना है, उसका समय क्या है आदि का भी पता चल जाएगा। रेलवे द्वारा इसे पायलट प्रोजेक्ट की तहत शुरू किया जाएगा। तत्काल व भीड़ वाले स्टेशनों पर दलाल आए दिन आम यात्रियों को फर्जी टिकट देकर ठग लेते हैं। जब ट्रेन में टिकट की जांच होती है, तो बात खुलती है। ऐसी स्थिति में यात्री की परेशानी बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए ही रेलवे द्वारा अब यूटीएस टिकट के बाद पीआरएस क्यूआर पर भी कोड अंकित किया जाएगा।

### फर्जीवाड़े की नहीं रहेगी गुंजाइश

रेलवे की ओर से अब तक ट्रेन में यात्रा के लिए रिजर्वेशन टिकट पर ही पैसेंजर नेम रेकॉर्ड, पीएनआर दिया जाता था। ऐसे में उस टिकट को रेलवे के ऑनलाइन सिस्टम पर देखा जा सकता है। इसके कारण इसमें फर्जीवाड़े की गुंजाइश नहीं होती, लेकिन लोकल टिकट को भी ऑनलाइन करने के लिए रेलवे प्रयासरत था। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने लोकल टिकट की बुकिंग के लिए 'यूटीएस' मोबाइल ऐप जारी किया। इसमें काफी सफलता भी मिली। इसके बाद अब रेलवे ने नकली टिकट जारी होने की आशंका को समाप्त करने के लिए लोकल टिकट पर क्यूआर कोड अंकित हुआ मिल रहा है।




### यूटीएस टिकट में क्यूआर कोड

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार जोन में यूटीएस टिकट में क्यूआर कोड अंकित किया हुआ मिल रहा है, जिसे स्कैन करते ही पूरी जानकारी मिल जाती है। काउंटर टिकट को लेकर अभी दिशा-निर्देश नहीं दिया है।
- डॉ. सुरकर विपुल विलासराव, सीपीआरओ, दपूमरे

### साल के अंत तक काउंटर टिकट पर भी सुविधा

*काउंटर टिकट पर क्यूआर कोर्ड की व्यवस्था दक्षिण-पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे में साल के अंत तक ट्रायल के रूप में शुरू की जा सकती है। इसके बाद सभी रेलवे जोन में इसे शुरू किया जाएगा। अभी यूटीएस टिकट पर क्यूआर कोड की है सुविधा। बता दें कि ऑनलाइन टिकट में धांधली को रोकने के लिए रेलवे ने जुलाई, 2020 में ऑनलाइन टिकट पर क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध कराई थी। रेलवे की स्वायत्त संस्था सेंटर फॉर रेलवे इनफार्मेशन सिस्टम, क्रिस ने इसे शुरू किया था। इसमें जब यात्रियों के टिकट की सफल बुकिंग होती है, तो उनके मोबाइल नंबर पर क्यूआर कोड का एक यूआरएल युक्त एसएमएस भेजा जाता है। इस पर क्लिक करते ही यात्री से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती हैं। इससे टीटीई को भी जांच में मदद मिलती है।*

# दुकानें सील करते ही सात बकाएदारों ने चुकाया टैक्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संपत्ति कर नहीं चुकाने वाले मकान एवं दुकान मालिकों के खिलाफ नगर निगम का राजस्व विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इसके तहत शुक्रवार को 7 दुकानों को बकाया राशि नहीं चुकाने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की, लेकिन इस कार्रवाई के बाद सभी दुकान मालिकों ने तत्काल बकाया राशि का भुगतान कर दिया। इसके बाद सभी दुकानों को पुनः खोलने की अनुमति दी गई। निगम प्रशासन के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्रों में संपत्ति कर वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जोन-7 के सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू के नेतृत्व में क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 23, 38 एवं 39 में कुल 7 दुकानों को बकाया कर राशि का भुगतान करने के लिए कई बार नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के बाद भी दुकानदारों द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा था। टीम ने इन सभी दुकानों में सीलबंद करने की कार्रवाई की।

### इन्होंने किया भुगतान

इस कार्रवाई के तुरंत बाद सभी दुकानदारों ने तत्काल बकाया राशि का भुगतान किया। इनमें वार्ड 23 से बुद्धि सागर साहू ने 46 हजार 300 रुपए, अभिजीत दास ने 39 हजार 639 रुपए, पवन टाटेड ने 4 लाख 54 हजार रुपए, प्रमित नियोगी ने 1 लाख 59 हजार 150 रुपए, फणीश्वर निषाद ने 2 लाख 22 हजार 330 रुपए, वार्ड 38 से संजय ठाकुर ने 1 लाख 37 हजार 736 रुपए का भुगतान किया। इसी प्रकार वार्ड 39 समता कॉलोनी से आशीष डीडवानिया ने 2 लाख 23 हजार रुपए की बकाया राशि जमा कराई।

*पीएम सूर्य घर योजना के बारे में पार्षदों सहित आम लोगों को दी गई जानकारी*

# सोलर प्लांट लगाने पर 78 हजार तक सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर प्लांट लगाने पर 60 हजार से लेकर 78 हजार तक की सब्सिडी मिलेगी। इस योजना को लेकर शुक्रवार को राजधानी रायपुर के तीन जोन कार्यालयों में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्रेडा एवं विद्युत पावर कंपनी के अधिकारियों के अलावा वार्ड पार्षदों सहित आम लोगों को भी बुलाया गया था। बैठक में पीएम सूर्य घर योजना से किस तरह से आम उपभोक्ता बिजली खर्च के साथ बिजली की बचत कर पाएंगे, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। जोन 4, 5 एवं 6 में हुई बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत केन्द्र सरकार ने 1 करोड़ घरों के लिये 75 हजार करोड़ का प्रावधान रखा है। इस योजना के तहत प्रति माह 300 यूनिट तक की बिजली 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी, सस्ते ब्याज पर लोन का प्रावधान है। इस योजना से जुड़ने का प्रक्रिया भी बेहद सरल है। अधिकारियों ने बताया कि औसत मासिक विद्युत खपत 150 यूनिट तक 1-2 किलोवॉट उपयुक्त रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने पर 30 हजार से 60 हजार रुपए, 150 से 300 यूनिट विद्युत खपत पर 2-3 किलो वॉट सोलर प्लांट लगाने पर 60 हजार से 78 हजार रुपए तथा 300 यूनिट औसत मासिक विद्युत खपत पर 3 किलो वॉट से अधिक रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी देने का प्रावधान है। अधिकारियों ने बैठक में सभी से इस योजना का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने तथा दूसरों को प्रेरित करने के लिए अपील की है।

- पीएम सूर्य घर योजना पर बैठक



### बैठक में ये रहे मौजूद

जोन-4 में हुई बैठक में सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी, पार्षद सरिता आकाश दुबे, नीलम नीलकंठ जगत, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश कंदोई, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, क्रेडा के सहायक अभियंता राहुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक मौजूद रहे। इसी प्रकार जोन 5 की बैठक में एमआईसी सदस्य जितेन्द्र अग्रवाल, पार्षद मृत्युंजय दुबे, उत्तम साहू, जोन कमिश्नर विमल शर्मा सहित स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। जोन 6 बैठक में जोन अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पार्षद चंद्रपाल धनगर, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, क्रेडा पावर कंपनी के अभियंता, जोन अधिकारी सहित नागरिक उपस्थित रहे।

**पेज 11 के शेष**

### कालेजों में पचास...

अंतर्गत अने वाले महवाविद्यालयों में बीए, बीकॉम, बीएससी सहित अन्य विषयों के करीब 1 लाख 80 हजार सीटें हैं। पहले दौर में प्रवेश के दौरान काफी बड़ी संख्या में सीटें खाली रह गई थीं, जिसकी वजह से प्रवेश की अंतिम तारीख में संशोधन किया गया था। इस अवधि में भी एडमिशन की प्रक्रिया पूरी हुई, मगर बड़ी सफलता नहीं मिली थी और करीब 70 हजार सीट खाली रह गई थी। प्रवेश की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अब एडमिशन 14 सितंबर तक देने की अनुमति शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की गई है।

### माइनिंग घोटाला के...

रहा था। रजनीकांत का लोकेशन उत्तरप्रदेश, आगरा में होने की जानकारी मिलने के बाद उसे नोटिस देकर बुलाया गया। रजनीकांत गुरुवार शाम जांच एजेंसी के सामने पेश हुआ। इसके बाद सूर्यकांत से प्रारंभिक पूछताछ करने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

### निर्धारित से कम...

**महावीर नगर-अमलीडीह में भी निर्धारित से कम संख्या में पहुंच रहे सफाई कर्मीः** महावीर नगर एवं अमलीडीह क्षेत्र वार्ड में भी ठेकेदारों द्वारा निर्धारित से कम संख्या में सफाई कर्मचारियों को भेजा जा रहा है। इसके कारण इस क्षेत्र में भी नाली-नाले जाम पड़े हुए हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण महावीर नगर के ओम विहार, रिद्धी सिद्धि कालोनी सहित आसपास की आधा दर्जन से अधिक कालोनियों में एक-एक दिन के अंतराल में घर-घर कचरा उठाने वाली गाड़ी पहुंच रही है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वार्ड का क्षेत्र काफी बड़ा है, इसलिए एक-एक दिन के अंतराल में कचरा लेने आते हैं। यह स्थिति शहर के अन्य कई वार्डों में भी बनी हुई है। इन वार्डों में अधिकारियों के नियमित निरीक्षण नहीं किए जाने के कारण ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं।

### 34 डिग्री की तेज...

पश्चिम-मध्य बंगाल के खाड़ी और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर पहुंचेगा। अभी मानसून द्रोणिका मालेगांव, ब्रह्मपुरी, जगदलपुर, कलिंगपट्टनम और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। इसके प्रभाव से शनिवार को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग के जिले और उससे लगे रायपुर और दुर्ग संभाग के जिले संभावित है।



## खबर संक्षेप



### शराब घोटाला मामले में ईडी ने चार हजार पन्नों का कोर्ट में पेश किया पूरक चालान

**रायपुर ।** शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद अरुण पति त्रिपाठी तथा त्रिलोक सिंह ढिल्लन के खिलाफ ईडी ने विशेष अदालत में चार हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया है। साथ ही दो सौ पन्नो की समरी पेश की है। इसके अलावा ईडी के वकील ने कोर्ट में साक्ष्य के तौर पर दो हार्ड डिस्क पेश किया है। ईडी के वकील ने कोर्ट में जो पूरक चालान पेश किया है, उसमें बताया गया है कि किस तरह एपी त्रिपाठी ने घोटाला करने के लिए शराब के लिए पॉलिसी बनाई। त्रिलोक के खिलाफ आरोप है कि उसने फर्जीवाड़ा करने कागजों में कंपनी का गठन कर करोड़ों रुपए की हेरा फेरी की। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में पेश किए गए चालान को लेकर विस्तृत ब्योरा पेश किया।

### सड़क निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड के यादवपारा में नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने कहा कि जहां संकरी गलियां हैं, वहां सड़क चौड़ी एवं नाली निर्माण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गणेशराम साहू, सुरेश यादव, कुसुम श्रीवास्तव, भामिनि चंद्राकर, उषा यदु आदि उपस्थित थे।

### अवर सचिव सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ ने दी विदाई



**रायपुर।** अवर सचिव योगेंद्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ द्वारा उनके विदाई समारोह का आयोजन मंत्रालय के सभागार कक्ष में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव मोहन प्रसाद गुप्ता, अतिरिक्त सचिव शहाबुद्दीन कुरैशी, उपसचिव प्रशांत भास्कर, उपसचिव व विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा, संघ के समस्त पदाधिकारी, विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। कर्मचारी संघ की ओर से मुख्य अतिथि द्वारा श्री सिंह को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया और उन्हें स्वस्थ तथा दीर्घायु होने की शुभकामना दी गईं। सभा को मुख्य अतिथि सहित अतिरिक्त सचिव श्री गुप्ता व संघ के अध्यक्ष श्री सिन्हा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भागवत प्रसाद साहू, मुख्य अनुवादक एवं आभार प्रदर्शन दिनेश साहू, अनुभाग अधिकारी ने किया।

# रोजगार देने के नाम पर महिलाओं के साथ ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जालसाजी करने वाले गिरोह रायपुर के साथ दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार में सक्रिय

राजधानी के साथ पड़ोसी जिले दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार में महिलाओं को रोजगार दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय है। जालसाजी करने वाला गिरोह नारी शक्ति पार्टी के नाम से पंजीयन करने के नाम पर महिलाओं से सौ-सौ रुपए एकत्र कर उन्हें रसीद दे रहा। साथ ही जालसाज गिरोह महिलाओं की फोटो के साथ अन्य परिचय पत्र हासिल कर रहा है। महिलाओं ने पुलिस को बताया है कि उनके नाम से कर्नाटका बैंक में अकाउंट खुलवाया गया है, साथ ही उनके नाम पर सिम कार्ड लिया गया है। पुलिस के अनुसार एक दर्जन से ज्यादा महिलाओं ने वीरेंद्र रावत तथा शोभा ठाकुर के नाम से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि शोभा ठाकुर इंडिया हेल्प पाइंट डॉट कॉम तथा नारी शक्ति पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष है। इन लोगों ने अपना हेड ऑफिस कबीर नगर के साथ भाठागांव में होने का उल्लेख किया है। वार्ड 38 के पार्षद दीपक जायसवाल के मुताबिक नारी शक्ति पार्टी से जुड़े लोगों ने राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र के तीन सौ से ज्यादा महिलाओं से पंजीयन कराने के नाम पर सौ-सौ रुपए वसूले हैं।

### महिलाएं पुरानी बस्ती थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं




#### शिकायत दर्ज कराई है

रोजगार देने के नाम पर पैसा वसूल करने महिलाओं ने एक संस्था के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिलाओं ने संस्था के खिलाफ और कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

- **योगेश कश्यप,** थाना प्रभारी, पुरानी बस्ती

### सिम कार्ड, पासबुक अपने कब्जे में

महिलाओं ने पुलिस को बताया है कि जिन लोगों ने उनके नाम से बैंक में अकाउंट खुलवाया है और उनके नाम से सिम कार्ड लिया है, उन लोगों ने उनके बैंक अकाउंट तथा सिम कार्ड अपने कब्जे में ले लिया है। महिलाओं को आशंका है कि जिन लोगों ने उनके फोटो, आईडी, बैंक पास बुक तथा सिम कार्ड अपने कब्जे में लिया है, वे उसका दुरुपयोग कर सकते हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है, महिलाओं को रोजगार देने के नाम पर पैसा वसूल करने वाली संस्था का किसी भी तरह से पंजीकरण नहीं है।

## रावांभाठा में खेल मैदान बनाने टेंडर, अब सितंबर में तय होगी नई एजेंसी

# पहला स्टेडियम निर्माण विवाद में फंसा नई सुविधा के लिए युवाओं को इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

रावांभाठा में युवाओं को आउटडोर स्टेडियम की सुविधा देने के लिए शुरू हुआ निर्माण अब एजेंसी व निगम के बीच विवाद की भेट चढ़ रहा है। जिस खेल मैदान का काम 2023 में पूरा होना था, उसकी अभी तक नीव नहीं पड़ी। प्रतिनिधियों के दबाव से आयुक्त ने मई 2024 को निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किया, तो निगम प्रबंधन व एजेंसी के बीच विवाद शुरू हो गया। इस वजह से चार महीने में नई एजेंसी तय नहीं हुई। नतीजा, क्षेत्र के युवाओं को नई सुविधा के लिए अभी इंतजार करना होगा।

बिरगांव निगम के रावांभाठा वार्ड में करीब एक एकड़ एरिया में स्टेडियम बनाने के लिए निगम के जिम्मेदारों ने जिस एजेंसी को काम दिया, उसने प्रोजेक्ट 2023 में पूरा नहीं किया। इसे देखते हुए आयुक्त ने पार्षदों की आपत्ति पर एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किया।

इसके बाद विवाद की स्थिति को सुलझाने में समय लगने से नई एजेंसी भी तय नहीं कर पाए। चुनाव आचार संहिता के कारण जून में टेंडर की तैयारी भी फेल हो गई। इससे नई सुविधा युवाओं के लिए इंतजार का हिस्सा बनकर रह गई है। सूत्रों ने बताया कि प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद बंद होने की स्थिति में फंड यथावत है। जिस एजेंसी को काम दिया जाएगा, उससे पहले बाउंड्री निर्माण करवाया जाएगा।




### स्टेडियम में होगी यह सुविधा

युवाओं को आउटडोर स्टेडियम की सुविधा देने के लिए डेढ़ साल पहले की गई कवायद के बाद निगम को सरकार से वित्तीय मंजूरी मिली। इसके बाद निगम के जिम्मेदारों ने निर्माण एजेंसी को बाउंड्री निर्माण के साथ मैदान समतल करने व दर्शकों को बैठने की सुविधा देने के लिए गैलेरी निर्माण की जिम्मेदारी दी गई। चेंजिंग रूम और रोशनी की सुविधा का भी प्रावधान किया। नई एजेंसी को भी पुराने प्रावधानों के तहत ही सितंबर में निर्माण की जिम्मेदारी नई एजेंसी को देने की तैयारी निगम प्रशासन ने की है।

### 2025 में पूरा होगा निर्माण

रावांभाठा वार्ड में 30 हजार की आबादी निवास करती है। इनके बीच सुविधाओं का अभाव अरसे से बना हुआ है। इसे देखते हुए 5 वार्ड के युवाओं को सुविधा देने के लिए निगम प्रशासन ने 1.10 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू किया। एजेंसी की मनमानी और विवाद के कारण लोगों को मिलने वाली सुविधा अभी तक आकार नहीं ले पाई। अब नई एजेंसी तय करने के बाद भी 2025 से पहले स्टेडियम बनना संभव नहीं है। इससे 2023 में मिलने वाली खेल मैदान की सुविधा 2025 में भी अक्टूबर से पहले नहीं मिलेगी।

#### विवाद सुलझाने में लगा समय

काम में लापरवाही करने वाली एजेंसी पर पूर्व में कार्रवाई करने में विलंब किया गया। ब्लैक लिस्टेड करने पर विवाद की स्थिति बनी। उसे शार्टआउट करने के साथ ही टेंडर किया गया है। सितंबर में नई एजेंसी तय करने के बाद दोबारा काम शुरू करवाएंगे।

- **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

# मां की फटकार से नाराज युवती ने पटना से मंदिर हसौद आकर खुद को जिंदा जलाया

- युवती की हालत गंभीर, 60 प्रतिशत झुलसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में बिहार की एक युवती द्वारा खुद को आग लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार तड़के तीन बजे की है। युवती 60 प्रतिशत जल गई है। गंभीर रूप से झुलसी युवती का उपचार डीकेएस अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक बिहार पटना निवासी 19 वर्षीय संध्या ने खुदकुशी करने की कोशिश की है। संध्या ने मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन पर खुद पर केरोसिन या पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा ली। पुलिस को घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर के माध्यम से मिली। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने युवती को 108 की मदद से उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया। पुलिस के अनुसार युवती से उसके माता-पिता का मोबाइल नंबर मिला।

युवती से मिले नंबर पर पुलिस ने संपर्क किया, तो युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि संध्या को उसकी मां ने किसी बात से नाराज होकर फटकार लगाई थी। इससे नाराज होकर वह घर से भाग गई थी। पुलिस के अनुसार संध्या के परिजन शनिवार को रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद आग लगाने की अन्य वजहों के बारे में सही जानकारी और मिल पाएगी।

## बिजनेस साइट

### वी-वाय हॉस्पिटल में अत्याधुनिक दूरबीन पद्धति से इलाज



**रायपुर।** वी-वाय हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ का एक विश्वसनीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल है, जो अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक (दूरबीन) पद्धति द्वारा मिनिमल इनवेसिव सर्जरी की सुविधा प्रदान करता है। इस पद्धति से सर्जरी के दौरान बहुत छोटा चीरा लगता है, रक्तस्त्राव कम होता है, दर्द न्यूनतम होता है, घाव जल्दी भरता है और अस्पताल में भर्ती का समय कम होता है, जिससे कुल खर्च भी कम होता है। हॉस्पिटल में प्रसिद्ध जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. विष्णु गुप्ता द्वारा हर्निया, पित्त की थैली, अपेंडिक्स, बच्चेदानी की गांठ, स्तन की गांठ, छोटी और बड़ी आंत की बीमारियों का इलाज किया जाता है। लेजर पद्धति से पाइल्स, फिशर और फिस्टुला के ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक किए जाते हैं। आयुष्मान भारत योजना और बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है और विभिन्न हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा कैशलेस सेवा भी प्रदान की जाती है। बाहरी मरीजों के परिजनों के लिए 'यात्री निवास' की व्यवस्था भी हॉस्पिटल परिसर में की गई है।

### श्री बालाजी गारमेंट सेल में ब्रांडेड शर्ट 249 रुपए में



**रायपुर।** घड़ी चौक के पास स्थित गुरु तेगबहादुर हॉल में चल रही श्री बालाजी रेडीमेड गारमेंट सेल को रायपुरवासियों से शानदार रिस्पांस मिल रहा है। इस महासेल में ब्रांडेड शर्ट होलसेल रेट पर उपलब्ध हैं। यहां हर साइज की हॉफ, फुल और डाउन शोल्डर प्रिंटेड कॉटन शर्ट मात्र 249 रुपए में मिल रही हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की साड़ियां आधी कीमत पर बेची जा रही हैं। सेल के संचालक ने बताया कि इन दिनों साड़ियों की मांग बढ़ गई है। यहां 5000 से 6000 रुपए तक की कांजीपुरम, बनारसी, हैवी वर्क सिल्क साड़ी, समर स्पेशल साड़ियां जैसे पूनम, शिफॉन व जॉर्जेट मात्र 199 से 249 रुपए में उपलब्ध हैं। जीन्स, बैगी, स्टेट, कार्गो आदि मात्र 499 रुपए में मिल रहे हैं। वहीं किड्सवेअर की भी विस्तृत रेंज है।

### वस्त्रम विकास में तीज स्पेशल ऑफर, 1 रुपए में साड़ी

VASTRAM
Complete Family Wear

**रायपुर।** शहर की प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप, वस्त्रम विकास ने तीज के अवसर पर एक विशेष ऑफर पेश किया है। इस ऑफर के तहत ग्राहक 5 हजार रुपए की साड़ियों की खरीद पर 500 रुपए मूल्य की साड़ी मात्र 1 रुपए में प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के संचालन केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास विगत 28 वर्षों से रायपुर सहित पूरे प्रदेश के कई परिवारों के फैशन की डिमांड पूरी करता आया है। इसी कड़ी में तीज के अवसर पर उन्होंने महिलाओं के लिए विशेष ऑफर के साथ-साथ कई प्रकार की साड़ियों की बेहतरीन डिजाइन और वैरायटी पेश की है। इसके अलावा वस्त्रम विकास पर सभी प्रकार की साड़ियों पर 50% तक की छूट भी प्रदान की जा रही है। पुरुषों के लिए 1599 रुपए में स्टाइलिश जैकेट के साथ कुर्ता-पैजामा भी उपलब्ध हैं। ब्रांडेड कुर्तियां, सूटपीस, किड्स वियर और मेन्स वियर की विस्तृत श्रृंखला भी वस्त्रम विकास की पांचों ब्रांचों में उपलब्ध हैं।

### एसबीएच में 'वुमेन सेफ्टी कॉन्क्लेव' महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा



**रायपुर।** साईं बाबा हॉस्पिटल और उषा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 'वुमेन सेफ्टी कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य महिलाओं में जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राकेश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि साहिफा शेबली, उर्मिला सेनगुप्ता और राजश्री मिश्रा शामिल हुए। इस अवसर पर हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ. आशीष महोबिया, डॉ. स्वाति महोबिया एवं हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. राकेश गुप्ता ने महिलाओं के शोषण के मामलों और उसके बचाव पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि साहिफा शेबली ने महिलाओं की सुरक्षा पर बात की, जबकि उर्मिला सेनगुप्ता ने घरेलू हिंसा पर चर्चा की।

### मिरैकल्स क्लीनिक में आज स्वर्णप्राशन संस्कार



**रायपुर।** शंकर नगर चौपाटी के पास स्थित मिरैकल्स पाइल्स एंड डेंटल क्लीनिक में आज शुभ पुष्य नक्षत्र में स्वर्णप्राशन संस्कार कराया जाएगा। इस संस्कार में 16 साल तक के बच्चों को शोधित स्वर्ण और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के अर्क से तैयार लेह का सेवन कराया जाएगा। क्लीनिक की संचालक डॉ. पिंकी चौरसिया ने बताया कि शनिवार को पुष्य नक्षत्र में इस लेह का सेवन करने से बच्चों का मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार से राहत प्रदान करता है। साथ ही इससे बच्चों के चेहरे पर चमक आती है। स्वर्णप्राशन संस्कार, मिरैकल्स क्लीनिक में सुबह 11 से 2 बजे तक और शाम 6 से 8 बजे तक किया जाएगा।

# चारपहिया वाहन चोरी करने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- गिरफ्तार आरोपियों में एक पंजाब का रहने वाला
- पुलिस गिरफ्त में आए गिरोह ने हाईवा के साथ कार चोरी की घटना को अंजाम दिया था

तेलीबांधा तथा क्राइम ब्रांच पुलिस की टीम ने चारपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की हाईवा तथा एक कार जब्त की है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों में एक पंजाब का रहने वाला है। बदमाशों ने 10 दिन पूर्व तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास खड़े हाईवा की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों को मौके पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा में हाईवा तथा माना थाना क्षेत्र में कार चोरी करने के आरोप में पंजाब, मोगा निवासी तेजेंदर पाल सिंह, राजेंद्र नगर निवासी सतनाम सिंह, धनसुली निवासी मनीष यदु को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सतनाम सिंह पूर्व में हाईवा चोरी तथा आबकारी एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। चोरी की कार को बदमाश नंबर प्लेट बदलकर उपयोग कर रहे थे। बदमाशों ने 21 अगस्त को हाईवा चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# लिपिकों ने लगाई महापंचायत मांगों को लेकर किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में नवा रायपुर संचालनालय के सामने धरना स्थल पर महापंचायत का आयोजन कर आंदोलन किया। आंदोलन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी एवं रायपुर जिला शाखा अध्यक्ष जवाहर यादव सहित विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष, प्रांतीय महामंत्री, सरगुजा बस्तर दंतेवाड़ा से लिपिक शामिल हुए। सभा को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा एवं कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने संबोधित किया। श्री झा ने कहा है कि विगत 40 वर्षों से लिपिकों के वेतन में व्यापक विसंगति है।

### मिलता है कम वेतन

कर्मचारी नेताओं का कहना है कि ऐसे अनेक संवर्ग है जो 1981 चौथा वेतनमान, चौधरी वेतनमान में लिपिक से कम वेतन पाते थे। वे आज डेढ़ गुना वेतन प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन लिपिक को वेतनमान में सुधार नहीं किया गया। केवल आयोग का गठन किया गया। आज प्रदेश का लिपिक चतुर्थ वर्ग से मात्र 100 रुपया अधिक वेतनमान प्राप्त करता है। इसी प्रकार प्रदेश में लिपिकों को कोषालय में लेखा प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होने पर लेखापाल के पद पर पदोन्नति की सुविधा प्राप्त थी। साथ ही ऐसे प्रशिक्षण प्राप्त लिपिकों को सहायक कोषालय अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती थी।

# नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर मंथन करेंगे 150 शालाओं के प्राचार्य

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल एवं छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सुबह 11 बजे से विभिन्न शालाओं के प्राचार्यों व उप प्राचार्यों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक नेतृत्व, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर गंभीर मंथन करने के साथ ही शाला प्रबंधन पर भी विमर्श होगा। संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बताया कि डॉ. जयेंद्र नारंग महानिदेशक आईएसबीएम विश्वविद्यालय, राधेश्याम थवाईत अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, डॉ. श्रुति गुप्ता निदेशक ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बिलासपुर, आशुतोष त्रिपाठी निदेशक कृष्णा पब्लिक स्कूल, राजीव गुप्ता अध्यक्ष स्कूल मैनेजमेंट, अजय मधुकर काले अध्यक्ष महाराष्ट्र मंडल विशेष कार्यशाला में उपस्थित प्राचार्यों से चर्चा करेंगे।

शिक्षा व प्रबंधन को उच्चस्तर तक वृद्धि करने के जिला स्तरीय आयोजन में रायपुर जिले की लगभग 150 शालाओं के प्राचार्यों- उप प्राचार्यों के कार्यशाला में भाग लेने की संभावना है।

### रामकृष्ण मिशन ने विद्यार्थियों को बांटी शैक्षिक सामग्री

**रायपुर।** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में वर्षों से शैक्षिक सहयोग किया जा रहा है। इसके अंतर्गत महासमुंद जिले के 12 स्कूलों के करीब 500 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पेन, पेंसिल, कटर, इरेजर, नोटबुक, स्कूल समेत अन्य शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। इस दौरान आश्रम के स्वामी प्रपत्यानंद के निर्देशन में डॉ. कपिल चंद्रा, डॉ. कपिल साहू एवं 8 स्वयंसेवकों ने सहायता की।






Ajay 9827144371



Ajay 9827144371



02

सिटी यूथ में बढ़ा टेंशन का ग्राफ ....

## एजुकेशन अपडेट

# व्याख्याता मेटलर्जी पदों के लिए 10 सितंबर को होगा साक्षात्कार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने व्याख्याता (पॉलीटेक्निक संस्था) मेटलर्जी के पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार के लिए सूचना जारी की है। आयोग ने पहले जारी विज्ञापन के अंतर्गत 23 पदों की भर्ती प्रक्रिया आरंभ की थी, जिसमें 19 पदों पर चयन सूची 19 सितंबर 2016 को जारी की गई थी। इस संदर्भ में न्यायालय में दायर रिट याचिका के आदेश के परिपालन में याचिकाकर्ता बेनीराम साहू, ओमकेश्वरी देवांगन, लीलाधर प्रसाद वर्मा एवं ओमप्रकाश का साक्षात्कार 10 सितंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा।

### सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करने के निर्देश

आयोग के परीक्षा नियंत्रक के अनुसार, अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से एक दिन पूर्व 9 सितंबर को पूर्वान्ह 10 बजे अपने दस्तावेजों के सत्यापन के लिए आयोग कार्यालय, नॉर्थ ब्लॉक सेक्टर-19 नवा रायपुर में उपस्थित होना अनिवार्य है। दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को अपने आवश्यक शैक्षणिक अर्हता प्रमाणपत्र, स्थायी जाति, निवास, आय, निशक्तजन प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियों के साथ-साथ सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी निर्देशों का पालन करते हुए समय पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

## ● छत्तीसगढ़ एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा तीन दिवसीय शिशुरोग विशेषज्ञों का सम्मेलन शुरू

# छोटे बच्चों में सबसे अधिक पेट दर्द की समस्या
# टाइफाइड, चिकन पॉक्स से बचने वैक्सीनेशन जरूरी

“ छत्तीसगढ़ एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा तीन दिवसीय शिशुरोग विशेषज्ञों का सम्मेलन शुक्रवार को प्रारंभ हुआ, जिसमें मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश व छत्तीसगढ़ से चिकित्सक शामिल हुए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा के क्षेत्र में नई नई तकनीक की जानकारी एकत्र करना है, जिससे जटिल बीमारियों का निवारण कम से कम समय में किया जा सके। इस अवसर पर 100 विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान भी आयोजित किया गया।

**रायपुर।** डॉ. निलय ने बताया, आयोजन में कई ट्रेनी डॉक्टरों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने विभिन्न समस्याएं होने पर बच्चों के तत्काल इलाज के लिए प्रशिक्षण दिया। शनिवार को 40-50 विशेषज्ञों का व्याख्यान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसमें बच्चों के मानसिक विकास में समस्या पर चर्चा, बीपी, सिकलसेल, खासी, रक्त संबंधित रोगों समेत अनेक विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें दौरान डॉ. अरुण अग्रवाल, डॉ. केपी सारा, डॉ. वीआर भगत, डॉ. राघवेंद्र सिंग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





### कोरोना के बाद डेंगू के मरीजों में बच्चे शामिल

भारतीय शिशुरोग अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.जीवी बसावाराजा ने चिकित्सक सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा, कोरोनाकाल के पश्चात निरंतर डेंगू की समस्या बढ़ती जा रही है, जिसके लिए सुरक्षा, सावधानी, समय रहते इलाज व विभिन्न दवाईयों के प्रशिक्षण पर चर्चा की गई। भारत में 1-2 साल में डेंगू से बचने के लिए वैक्सीन तैयार कर ली जाएगी, जिससे किसी मरीज को बचाना सरल हो जाएगा। सितंबर, अक्टूबर व नवंबर माह में बच्चों को सांस से संबंधित समस्याओं की संख्या बढ़ने लगती है। यह समस्या कम उम्र के बच्चों में भी देखने को मिल रही, जो आने वाले भविष्य के लिए हानिकारक है, लेकिन इस प्रकार की समस्याओं की जांच करने व समय से पूर्व इलाज करने के लिए दवाईयों का परीक्षण किया जा रहा है।

### पाउडर दूध से बच्चों के स्वास्थ्य पर असर





भारतीय शिशुरोग अकादमी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. किरण माखीजा ने बताया, बीते 2 साल से बच्चों में पेटदर्द की समस्या बढ़ने लगी है, जिसका मुख्य कारण फास्ट फूड है, जो शरीर को धीरे-धीरे खराब कर रहा है। प्रदेश में 5 साल से लगातार मोटापा, तनाव, डायबिटीज जैसी समस्या छोटे बच्चों में बढ़ने लगी है, जिसका कारण अनहेल्दी फूड है। प्रदेश में 30 प्रतिशत बच्चों में फास्ट फूड से संबंधित समस्याएं देखी गई हैं। साथ ही जो मां अपने बच्चों को डिब्बाबंद पाउडर दूध पिलाती है, उन बच्चों में विभिन्न प्रकार की समस्याएं देखी जा रही हैं, इसमें कमजोरी व तनाव सबसे अधिक हो रहा है।

### रोजाना मालिश से खून का प्रवाह तेज

कार्यक्रम संचालक डॉ. अनूप अग्रवाल 0-1 साल के बच्चों में रेयर समस्याओं पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा, छोटे बच्चों के माता-पिता अक्सर पेट में कड़ापन होने की समस्या लेकर पहुंचते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं, जिसमें कब्ज होना, बच्चों को गाय का दूध पिलाना या थाइराइड की कमी हो सकती है। नवजात बच्चों की मालिश जरूरी है, इससे खून का प्रवाह तेजी से बढ़ता है। आधुनिकता के दौर में कई मां अपने बच्चों को बोतल से दूध पिलाती है, साथ ही पाउडर दूध का प्रयोग करती है। जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए पूर्ण रूप से हानिकारक है। वही बोतल का सही उपयोग करना ही कई परिजनों को नहीं आता, जिसके कारण बच्चों को कई अन्य समस्याएं होती हैं।

### बच्चों के लिए वैक्सीनेशन जरूरी

स्टेट इंस्टीट्यूट हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के पूर्व डायरेक्टर डॉ. अमर सिंह ठाकुर से वैक्सीनेशन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान डॉ. ठाकुर ने बताया, छोटे बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण जरूरी है। प्रदेश में 91 प्रतिशत बीमारियों से बचने के लिए सरकारी अस्पताल में वैक्सीन उपलब्ध है। सबसे जरूरी बच्चों को टाइफाइड, चिकन पॉक्स, इन फ्रेंच, हेपेटाइटिस ए बीमारी से बचने के लिए टीकाकरण जरूर कराएं। यह ऐसी बीमारी है, जिसकी समस्या प्रदेश के बच्चों में अधिक संख्या में देखी गई है। बीते 5 सालों में 6 माह से लेकर 5 साल के बच्चों में कई गंभीर बीमारियों के लक्षण देखने को मिले हैं। इनमें सांस लेने में समस्या सबसे अधिक है, इस प्रकार की समस्या का समाधान जल्द करने की तैयारी की जा रही है।

## सिटी इवेंट

# जल-तेल और वॉश पेंटिंग से सजाई कृष्ण-सुदामा की मित्रता





**महाकोशल कला वीथिका में प्रदर्शनी का शुभारंभ**

**रायपुर।** श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता, कृष्ण सुदामा द्वारा दही लूटने के दृश्य को ही नहीं, बल्कि सुदामा की आत्मग्लानी को कृष्ण किस तरह से छिपकर देखते हैं। उसे वॉश पेंटिंग, कोलॉज, राजपूत, एफटेक्स, लोककला, जल व तेल पेंटिंग से कैनवास पर उकेरने के बाद कलाकारों ने प्रदर्शनी का हिस्सा बनाया। इसमें श्रीकृष्ण-सुदामा को गाय चराते, गोपियों की हांडी फोड़ते, होली उत्सव से लेकर कृष्ण-सुदामा के बचपन से बुढ़ापे तक की मित्रता को अनछुए रंगों से बाल, युवा, वरिष्ठ व महिला कलाकारों ने कैनवास पर जीवंत किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार की शाम डॉ. विमल कानूनगो ने किया। महाकोशल कला वीथिका में कलाकारों को प्रदर्शनी को सजाने का अवसर डॉ. प्रवीण शर्मा दिया।

### वीथिका में इन कलाकारों की रचनाएं




डॉ. शर्मा ने बताया कि शुक्रवार शाम शुरू हुई चित्रकला प्रदर्शनी 1 सितंबर तक देख सकेंगे। वीथिका में प्रो. कल्याण प्रसाद शर्मा, कलागुरु बीएम नहरगड़कर, श्याम निनोरिया, अवतार सिंह भंगल, राधिका की रचनाएं सजाई गई हैं। वहीं जीविका कुमार, डॉ. शिखर शर्मा, रोहित साहू, समवेद शर्मा, कंचन अहलुवालिया, सुधा शर्मा, तुषार वाघेला ने भी अपनी रचनाएं भेजकर अपनी उपस्थिति को प्रदर्शनी में इस बार भी दर्ज कराया है। इनके अलावा रूपम नाग, रिशिका तिवारी, लोचन बाघ, डॉ. सत्यव्रत बर, तस्मीना यास्मीन, आयुष पांडेय की रचनाएं भी सजाई गई हैं।

# युवाओं को चाहिए ‘सेल्फ-हेल्फ’

**रायपुर।** किताब लवर्स द्वारा मैग्नेटो मॉल में पांच दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। जहां शुक्रवार को ‘लेखक मिलन’ कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर लेखक ‘रविंदर सिंह’ मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर अपने पाठकों को किताब की जानकारी दी। पाठकों से चर्चा के दौरान लेखक ने कहा, जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को प्रेम जरूर करना चाहिए। प्रेम की कई परिभाषाएं हैं, जो प्रेम को सरल शब्दों में बताती हैं। वह प्रेम कभी पूरा नहीं होता, जिसमें भरोसा या दोस्ती नहीं होती...अगर आप अपने रिश्ते को सफल बनाना चाहते हैं, तो आपको अपने साथी की खामियों के साथ उन्हें स्वीकार करने की कोशिश करनी चाहिए...यह कहना रोमांस लेखक का है। रविंदर सिंग अंग्रेजी भाषा में भारतीय उपन्यासकार व लेखक हैं।

### पांच दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन



### 50 से 10 हजार रुपए तक की किताबें

मेले के संचालक राहुल पांडे ने बताया, मेले में प्रत्येक वर्ग के पाठक शामिल हो रहे हैं। यहां 10 लाख से अधिक किताबें लाई गई हैं, जिसमें बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान व स्टोरी बुक्स भी शामिल हैं। प्रदर्शनी में 50 रुपए से 10 हजार तक की किताबें उपलब्ध हैं, जो पाठकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। लोड द बॉक्स ऑफर से पाठक महंगी किताब सस्ते दामों में खरीद रहे। इसमें सबसे महंगी किताब 5-10 तक हजार की है, जिसमें वाइल्ड एनिमल की फोटोग्रॉफी की आकर्षक तस्वीरें हैं।

### प्रेरणादायी किताबों की मांग

प्रदर्शनी में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए किताबें सजाई गई हैं। जहां पाठक अपनी मनपसंद किताबों की खरीदी कर रहे, वहीं बच्चों के लिए स्टोरी व सामान्य ज्ञान की किताबें हैं। युवाओं को रोमांस व सेल्फ हेल्फ से संबंधित किताबें पसंद आ रही हैं। इसमें प्रेरणादायी कहानियां व सकारात्मक सोच से संबंधित किताबें सजी हैं। युवाओं व बुजुर्गों द्वारा हिंदी किताबें अधिक संख्या में खरीदी गई हैं। इसमें देवदत्त पटनायक, हरिवंश राय बच्चन, पं. जवाहरलाल नेहरू व मुंशी प्रेमचंद की किताबें शामिल हैं। प्रर्दशनी में मुख्य रूप से शायरी की किताबें भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं।

# माता कौशल्या की प्रतिमा का श्रृंगार करने बस्तर से पहुंचे अइंठी-पुतरी और पारंपरिक कपड़े



**बिलासपुर से भी लाए गए लुगरा-पोलखा**

**रायपुर।** माता कौशल्या अयोध्या से अपने मायके में तीजा मनाने चंदखुरी आ रही हैं। उनकी मूर्ति लगभग तैयार हो चुकी है। शुक्रवार को बिलासपुर से छत्तीसगढ़िया महिला क्रांति सेना की अध्यक्ष लता राठौड़ अपनी टीम की सदस्य मधु कश्यप, डॉ. सुनीता मिश्रा व लता कौशिक के साथ ग्राम निमोरा पहुंचकर मूर्तिकार पीलूराम साहू को माताजी को पहनाने के लिए बिलासपुर से विशेष तौर पर बने हरे रंग की कोस्टउन्हा लुगरा और लाली पोलखा भेंट किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राकेश तिवारी व डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर विशेष तौर पर उपस्थित थे। इसी तरह माता कौशल्या को बस्तर से विशेष तौर पर मंगवाई गई गले के गहने सूता सहित अइंठी, नागमोरी, पुतरी, सुर्रा, बहुचि, मुंदरी, बिछिया आदि पहनाए जाएंगे। बाल रूप में कौशल्या माता की गोदी में बैठे श्रीरामजी के हाथ में छत्तीसगढ़ी खिलौना पकड़ाया जाएगा।

## लायंस क्लब शिखर द्वारा ‘झंकार नृत्य’ प्रतियोगिता का आयोजन

**कार्नर न्यूज**

# राजेश खन्ना के अंदाज में झूमीं सास-बहू बॉलीवुड गीतों में मां-बेटी ने किया डिस्को डांस



**रायपुर।** लायंस क्लब शिखर द्वारा ‘झंकार नृत्य’ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पुराने सदाबहार फिल्मी गीतों पर युगल नृत्य की प्रस्तुति दी। वृंदावन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 35 से 60 वर्ष की महिलाओं ने हिस्सा लिया। सरोज पाण्डेय ने बताया, संस्था द्वारा बीते 4 सालों से महिलाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। युगल नृत्य प्रतियोगिता में विनीता व प्रतिभा की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही सीमा व अभिलाषा ने दूसरा एवं बरखा व वर्ष की जोड़ी ने तीसरा स्थान हासिल किया।





### महिलाओं ने पेश किया युगल नृत्य

कार्यक्रम में राजेश खन्ना, गोविंदा व करिश्मा कपूर के लोकप्रिय गीतों पर सबसे अधिक प्रस्तुति दी गई, जिसमें फिल्मी व सुपरहिट गानों की गूंज सूनने को मिली। प्रतियोगिता में सास-बहू, ननद-भाभी, बहनों व मां-बेटियों के जोड़ी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष सुष्मिता सिंह गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी भार्गव, शैली दुबे, कौशल महावर, चंद्रकांता मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति व संगीत की लोकप्रियता बनाए रखना रहा।

## एजुकेशन लाइव

# कृषि में बेहतरी के लिए अब आईटीएम ने शुरू की ड्रोन अकादमी




रायपुर। आईटीएम विश्वविद्यालय रायपुर इस शैक्षणिक सत्र से ड्रोन अकादमी शुरू करने जा रहा है। अकादमी का पहला बैच अगस्त 2024 से शुरू हो गया, जो कृषि की बेहतरी के लिए बढ़ते ड्रोन उद्योग में कुशल पायलट की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए काम करेगा। समूह के सीईओ व विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर नितिन पुतचा ने इस पहल के बारे में शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी शिक्षा समय की मांग है। आईटीएम व्यावहारिक और रोजगार देने वाली शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि सर्वेक्षण के साथ पर्यावरण की निगरानी, सुरक्षा में ड्रोन के बढ़ते उपयोग को देखते हुए ड्रोन अकादमी को लॉन्च करने की जरूरत महसूस हुई।

### जानेंगे नियम और प्रोटोकॉल

डीजीसीए के प्रशिक्षक नीलेश कोकाटे, आईटीएम की महानिदेशक सुश्री लक्ष्मी मूर्ति और राहुल मीरचंदानी ने बताया कि अनुमोदित पाठ्यक्रम से उन लोगों को मदद मिलेगी, जो ड्रोन पायलट और प्रशिक्षक बनना चाहते हैं। यह कोर्स सुनिश्चित करेगा कि छात्रों को डीजीसीए नियमों व सुरक्षा प्रोटोकॉल, एकल ड्रोन उड़ान, रखरखाव और समस्या निवारण का व्यापक अनुभव मिले। इसके अलावा ड्रोन डेटा विश्लेषण में उन्नत कौशल चाहने वालों की जरूरतों को भी पूरा करेगा।

## सिटी लाइव

# राष्ट्रीय सम्मेलन में कैलिफोर्निया व अमेरिका से आए दो शोधपत्र



रायपुर। आईजीकेवी के कृषक सभागार में कृषि अभियंताओं के दो दिवसीय 36वें राष्ट्रीय सम्मेलन की कड़ी में शुक्रवार को सुबह 9 से शाम सात बजे तक 50 शोध पत्र पढ़े गए। इसमें कोलकाता, बंगाल, ओड़िसा, सिक्किम, भोपाल सहित देशभर के कृषि अभियंताओं के बीच चार चरण में तकनीकी सत्र चला। इसमें भूमि एवं जल प्रबंधन, प्रक्षेप मशीनरी एवं पॉवर जैसे विषयों पर शोध पत्र पढ़ा गा। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर के डीन डॉ. विनय पांडेय ने बताया कि इसमें यूनिवर्सिसिटी ऑफ कैलिफोर्निया व अमेरिका से भी दो कृषि वैज्ञानिकों के शोध पत्र को शामिल था। आगे बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में कृषि कार्य में परंपरागत ऊर्जा के उपयोग पर जोर दिया गया।

### सोलर पावर करें उपयोग

इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स (इंडिया) छत्तीसगढ़ स्टेट सेंटर, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी महाविद्यालय व अनुसंधान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी संकाय के संयुक्त तत्वावधान सम्मेलन हुआ। इसमें सभी अभियंताओं ने कृषि की बेहतरी व खर्च को कम करने के लिए जितने भी तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया जाता है। उसमें सोलर पावर के उपयोग पर जोर दिया। बताया गया कि इससे किसानों पर कृषि लागत का बोझ भी कम होगा।

## सिटी इवेंट

# पुष्य नक्षत्र पर 1660 बच्चों का स्वर्णप्राशन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने में मददगार



रायपुर। नई दिल्ली से आई राष्ट्रीय आयुष मिशन की टीम ने रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र पर आयोजित स्वर्णप्राशन कार्यक्रम की सराहना की है। टीम के सदस्यों ने स्वर्णप्राशन का अवलोकन किया और अधिकारियों से जानकारी ली। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शुक्रवार को आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1660 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। राष्ट्रीय आयुष मिशन की टीम ने आयुर्वेद कॉलेज के चिकित्सकों से बच्चों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करने को कहा। इस पर स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने उन्हें बताया कि नियमित रूप से स्वर्णप्राशन के लिए आ रहे बच्चों पर इसका सकारात्मक असर पड़ रहा है।

### जागरूकता से आयुर्वेद चिकित्सालय में बढ़े लोग

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक सुश्री इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जीआर चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802, 8 जुलाई को 1342 और 3 अगस्त को 1370 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

## स्टूडेंट्स ने बनाए ग्रुप, जिम की जगह योगासन को दे रहे प्राथमिकता

# सिटी यूथ में बढ़ा टेंशन का ग्राफ, सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं व विद्यार्थियों ने बनाया योग ग्रुप, खुश रहने की नई तकनीक

वर्तमान में युवा वर्ग अन्य के मुकाबले अधिक तनाव में रहता है, जिसका कारण पढ़ाई व कामकाजी जीवन है। चिकित्सकों के अनुसार लगातार तनाव में रहने के कारण युवाओं में कई बदलाव देखे जा रहे हैं। स्वस्थ्य रहने के लिए मानसिक रुप से तनावमुक्त जीवन होना जरुरी है। इससे बचने के लिए शहर के युवा जिम व जूंबा क्लास के बदले योग करना अधिक पसंद कर रहे हैं।





### कोरोना काल में हुई शुरुआत

प्रियल सिंग राजपूत मेडिकल की विद्यार्थी हैं, जो बीते 8 माह से योग कर रही हैं। प्रियल ने बताया, कोरोना काल से योग करती आ रही हूं। लेकिन पढ़ाई के कारण बीच में योग छोड़ना पड़ा। योग करने से मेरे स्वास्थ्य और पढ़ाई पर प्रभाव देखने को मिला। इसे दिनचर्या में शामिल करने से समय प्रबंधन, अनुशासन, तनाव से मुक्ति, स्किन की समस्या दूर होती नजर आई। विद्यार्थी जीवन में योग को शामिल करना चाहिए, इससे जल्दी उठने की आदत बनती है। आप अपनी भावनाओं को कंट्रोल कर सकते हैं, जिससे हमारा ध्यान अपने पढ़ाई या लक्ष्य पर ही होता है। जीवन में सरलता लाने के लिए योग को शामिल किया।

रायपुर। बदलते वक्त के साथ युवाओं में योग के प्रति सभी की आवधारणाएं बदल रही है। दिनचर्या में योग को शामिल करने से विभिन्न बदलाव व लाभ होता है। साथ ही किसी भी कार्य के प्रति सकारात्मक सोच भी निर्मित होती है। यह बात हरिभूमि से चर्चा के दौरान युवाओं द्वारा कही गई, जिन्होंने अपने जीवन के बदलाव को चर्चा में साझा किया।

### योग से बढ़ा आत्मविश्वास

संदीप सिंग ने कहा, वर्तमान में राजधानी के रविवि विश्वविद्यालय में फिजियोथैरेपी में डिप्लोमा कोर्स कर रहा हूं। 4 साल पहले योग संस्थान के साथ जुड़कर योग की शुरुआत की। अब प्रशिक्षक के रुप में ट्रेनिंग देने का कार्य करता हूं। लगातार योग करने से योग के विभिन्न आसन व प्राणायाम के नाम व क्रिया का अभ्यास है, जिसके कारण कॉलेज में पढ़ाई में मदद मिलती है। रोजाना 1-2 घंटे योग करने से दिनभर ताजगी महसूस होती है, जिससे अन्य कार्यों को सरलता से करने में मदद मिलती है। योग से आत्मविश्वास बढ़ा है, साथ ही कम्यूनिकेशन स्किल में सुधार नजर आया है।

### समूह में अभ्यास

अनुपम गार्डन, बूढ़ातालाब गार्डन, मोतीबाग सहित शहर के प्रमुख उद्यानों में योग कक्षाएं नियमित रूप से संचालित होती हैं। यहां अधिकतर उम्रदराज महिला-पुरूष ही आते हैं, लेकिन अब युवा भी इसका हिस्सा बनने लगे हैं। वे समूह में इसका अभ्यास कर रहे हैं। कॉलेज के विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं ने अपना समूह बनाया है, ताकि नियमित रूप से योगाभ्यास की प्रेरणा मिलती रहे।

### योग ने किया डिप्रेशन से दूर

जयंती चन्द्र ने कहा, लगातार तीन बार यूपीएससी परीक्षा में असफलता प्राप्त करने के बाद मानसिक तनाव बढ़ता चला गया। जिसके बाद लगातार 3 साल डिप्रेशन में रही। बीते साल 2022 में शहर स्थित योग संस्थान से जुड़ने का अवसर मिला। जिसके बाद जीवन में कई बदलाव नजर आया है। तनाव मुक्त स्वास्थ्य के लिए रोजाना प्राणायाम व आसन का अभ्यास करती हूं। वर्तमान में विभिन्न सरकारी नौकरी की तैयारी जारी है, जिसमें लिए रोजाना पढ़ाई में योग से सहायता मिल रही है। इससे मन शांत रहता है। साथ ही लक्ष्य को प्राप्त करने लिए मनोबल बढ़ता है।

### बड़ी बहन से प्रेरित

प्रिया सिंग राजपूत ने कहा, योग संस्थान के साथ जुड़ने से पहले योग में कभी रुचि नहीं थी। लेकिन बड़ी बहन के कहने पर योग शुरु किया, अब मैं बीते 6 माह से रोजाना योग कर रही हूं। भिलाई स्थित निजी संस्थान से डेंटल सर्जन की पढ़ाई जारी है। राजधानी में इंटर्नशिप कर रही हूं। योग की शुरुआत करने से मन में नकारात्मक विचार नहीं आते, जिसका फायदा अध्ययन में हुआ। लगातार ट्रेनिंग व पढ़ाई के कारण माइग्रेन, जोड़ों में दर्द व बैक पेन की समस्या भी दूर हो गई। दिनचर्या में योग शामिल करने से व्यवहार में बदलाव हुआ है, तनाव दूर होने के साथ पढ़ाई के दौरान एकाग्रता व अन्य कार्यों का तनाव नहीं रहता।

# पर्यूषण महापर्व आज से, जैन मुनि बोले- आठ दिनों में अपना मन धर्म और आराधना में लगाएं



रायपुर। अहिंसा, पाप आदि से बचना चाहिए। अपना ज्यादा से ज्यादा समय धर्म क्रिया में लगाएं तो पाप से बच जाएंगे। प्रवचन, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय में हमेशा सच्चे और अच्छे मन के साथ समय बिताना चाहिए। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में विराग मुनि म.सा. ने यह बातें कही। उन्होंने कहा कि यह समय वापस नहीं आएगा। पुण्य फल है कि हमें जैन कुल मिला। पांचो इंद्रियां सही मिलीं। पर्वों के राजा पर्यूषण आ रहे हैं। इन आठ दिनों में अपना मन धर्म-आराधना में लगाएं। देव-गुरु, धर्म की कृपा है कि हमें प्रवचन श्रवण करने का अवसर मिला है, लेकिन हम धन कमाने में लगे हैं। एक दिन यह धन छोड़कर जाना ही पड़ेगा, साथ में नहीं जाएगा। साथ जाएगा तो सिर्फ पुण्य। उन्होंने कहा कि जब हमारे भीतर अहंकार होता है तो अच्छी बात भी बुरी लगती है। यही वजह है कि ज्ञानी अपने भीतर विनय गुण लाने कहते हैं। आज हमें जहां व्यापार और धन को छोड़ने की जरूरत है, वहां हम धर्म का साथ छोड़ रहे हैं। बस बहाना मिलना चाहिए और सबसे पहले धर्म क्रिया छोड़ते हैं। छोड़ने जैसा संसार है, धर्म नहीं।

### 6 सितंबर तक मनाएंगे उत्सव

एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में विराग मुनि के चातुर्मासिक प्रवचन

आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि चातुर्मास के अंतर्गत दादाबाड़ी में रोज सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक प्रवचन जारी है। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने बताया, 31 अगस्त से 6 सितंबर तक पर्वाधिराज पर्यूषण मनाया जाएगा। यह क्षमा का महापर्व है। समाजजनों से अपील है कि इन आठ दिनों में अपने द्वारा जाने-अनजाने हुई गलतियों का प्रायश्चित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा समय साधना-आराधना में बिताएं।

# सड़क पर एंबुलेंस को पहले दें रास्ता, ईश्वर के बाद अपने माता-पिता की करें पूजा




रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई व रायपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में जिंदगी ना मिलेगी दोबारा कार्यशाला सालेम इंग्लिश स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को ईश्वर के बाद अपने माता-पिता की पूजा करनी चाहिए। हर पैरेंट्स अपने बच्चे को ऊंचाई पर देखना चाहता है। आज के सोशल मीडिया के जमाने में बच्चे बुरी बातें जल्दी अपना लेते हैं। हमको सभी बुरी आदत से दूर रहना चाहिए। बच्चे पौष्टिक आहार का सेवन करें, मिलावटी पदार्थों से दूर रहें। ट्रैफिक पुलिस से टीके भोई ने सभी को ट्रैफिक नियमों की शपथ दिलाई। इस दौरान कहा कि बच्चों को गाड़ी चलाते समय स्पीड का विशेष ध्यान देना चाहिए। हर हाल में ट्रैफिक नियम का पालन करना अनिवार्य है। अगर एंबुलेंस आपके पीछे है तो अपनी गाड़ी को साइड कर लें, पहले उसे जाने का रास्ता दें।

### बच्चों को बुरी आदत से बचना चाहिए

सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा अभियान में बेस्ट अवार्ड मिस नॉलेज का भी दिया गया। एक्सपर्ट अलकशेंद्र मोगरे ने कहा कि बच्चे नशे से बचें और किसी के कहने से कोई भी पदार्थ सेवन न करें। हम सबको बुरी आदत से बचना चाहिए। हैल्थ एक्सपर्ट डॉ. मीनल गनविया व डॉ. नीलिमा आहूजा ने बताया, बच्चे अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान दें, और जंक फूड का सेवन कम करें। इस अवसर महिला विंग की राशि बलवानी, नीलम कुकरेजा, महक लोहाना, रिया जयसिंघानी, सालेम स्कूल प्राचार्य आर. लॉरेंस, डॉ. मीनल, डॉ. नीलिमा आहूजा, अलकशेंद्र मोगरे, टीके भोई, चैंबर ऑफ कॉमर्स से शंकर बजाज, शुभम गजवानी, डॉ. एनडी गजवानी, प्रणीत सुंदरानी, जीतू लोहाना, सुनील कुकरेजा समेत अन्य उपस्थित रहे।

## मुक्ताकाशी मंच पर देर-रात तक कलाकारों ने सजाई महफिल

# पारंपरिक वाद्ययंत्रों से सजा रंग-तरंग का मंच, लोकधुन में बांसुरी ने छेड़ी तान तो मंत्रमुग्ध हुए रसिक श्रोता

कार्नर न्यूज

रायपुर। शास्त्रीय संगीत के प्रमुख वाद्ययंत्र 'सारंगी' को हाथों में लिए जैसे ही खैरागढ के संगीत मर्मज्ञ सफीक हुसैने ने खोखली लकड़ी के लंबे डिब्बे जैसी आकृति पर चढ़े चमड़े की परत पर सजे तीन तारों को छेड़ा, वैसे ही संगीत की स्वर लहरी से मुक्ताकाशी मंच गुंजायमान हुआ। पहले क्लासिकल संगीत में राग पूरिया कल्याण पेश करते हुए रसिक श्रोताओं से उन्होंने वाहवाही लूटी। सारंगी वादन करते हुए 25 मिनट तक जुबान से बोले बिना सिर्फ वाद्ययंत्र के संगीत से लोगों के बीच ठुमरी की धुन पेश की। पुराने ज़माने में घुमक्कड़ जातियां सारंगी बजाया करती थी। इसे सारिंदा नाम से भी जाना जाता था। आज उसी सारंगी से निकले सुरो के सौ रंगों ने श्रोताओं के बीच बेजोड़ प्रस्तुति देते हुए रंग जमाया।




### लोकधुन ने बांधा समां




संस्कृति विभाग में रंग तरंग वाद्ययंत्र संगम में 29 से 31 अगस्त तक मुक्ताकाशी मंच पर गीत-संगीत की स्वर लहरी को वाद्ययंत्रों में पिरोने अलग-अलग विधा के मजे हुए कलाकारों ने दूसरे दिन यानी शुक्रवार को भी अपनी संगत से श्रोताओं को खुशनुमा माहौल देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूसरे पायदान पर बांसुरी से लोकधुन पेश करने के लिए मंच पर आए सुरेन्द्र कुमार साहू ने तबला पर संगत कर रहे तापेश्वर और की-बोर्ड पर शंकर साहू (भिलाई) के साथ पहाड़ी कर्मा गीत गोलर गाज.., गीत को बांसुरी की धुन में पिरोने के बाद बकरी के तुमा नार..,को भी बेजोड़ अंदाज में पेश करते हुए श्रोताओं का मनोरंजन किया। बांसुरी की धुन व वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी ने माहौल को खुशनुमा किया।

### तबला-पखावज पर संगत

तीसरे क्रम पर तबला एवं पखावज पर संगीत की श्रृंखला सजाते हुए महेन्द्र चौहान और अनुराग सिंह ने कुछ रीमिक्स म्यूजिकल फ्यूजन पेश किया। शास्त्रीय संगीत में तबला व पखावज की जुगलबंदी के बीच राग बिहाग में छोटा ख्याल तराना और तबले मृदंग के बोल के साथ गायन किया। उस्ताद राशिद खान का प्रसिद्ध गीत-आओगे जब तुम सजना की फ्यूजन की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। राग मारवा सोहनी मिश्रित एक धुन पेश की गई। इसमें ताल और संगीत का बेजोड़ मिश्रण सुनने को मिला। द्रुत झाला में जाकर चक्कर दार के साथ समापन किया। कुंदन ने हारमोनियम पर व लक्ष्मीकांत सेन - केजन तो हर्ष अवधिया ने सिंथेसाइजर और जय चौहान ने गायन के साथ ढफली संभाली।

### बांसगीत में झलकी परंपरा

बांसगीत के जरिए लोक कलाकार झंगलूराम यादव ने बांसगीत को खुशी और दुःख दोनों समय के लिहाज से बजाते हुए लोगों के बीच राउत जाति के लोग जो गाय चराने का काम करते हैं, उनके भावों को बांस गीत के जरिए पेश किया तो लोगों ने भी इसका भरपूर लुत्फ उठाया। रंग तरंग से सजी संगीत को श्रृंखला को बांसगीत में पेश करते हुए संगीत के पारंगत कलाकारों ने गायों को चराने के दौरान राउत समुदाय के लोग जिस तरह से बांस गीत गाते और उत्सव का माहौल निर्मित करते थे, कुछ उसी तरह का नजारा मुक्ताकाशी मंच पर श्रोताओं के लिए कलाकारों ने अपने गीत-संगीत के माध्यम से देने का अद्भुत प्रयास किया। उनका पहनावा ही नहीं आव-भाव भी मंच पर आकर्षक था।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वेटलिफ्टिंग में रायपुर की पुरुष टीम तीनों वर्गों में विजेता, महिलाएं उपविजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट यूथ जूनियर सीनियर महिला पुरुष वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 24,25 और 26 अगस्त को भिलाई-दुर्ग में आयोजित की गई। जिसमें रायपुर जिला की टीम ने पुरुषो के यूथ,जूनियर,सीनियर वर्ग में विजेता का खिताब हासिल किया वहीं महिलाओं की टीम ने यूथ,जूनियर,सीनियर वर्ग में उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। साथ ही साथ देवव्रत शर्मा को यूथ में,विकास लहरे को जूनियर में एवं विजय महेश्वरी को सीनियर वर्ग में बेस्ट लिफ्टर ऑफ छत्तीसगढ़ की ट्राफी जीतने में कामयाब रहे। परिणाम में 45 किग्रा-यूथ/जूनियर/सीनियर विधि साहू प्रथम,प्रांजलि साहू द्वितीय. 49 किग्रा-अनामिका साहू यूथ में द्वितीय और सीनियर में तृतीय, 59 किग्रा- जूनियर/सीनियर प्रीतू साहू जूनियर में द्वितीय और सीनियर में तृतीय, 64किग्रा-यूथ/जूनियर/सीनियर लुकेश्वरी साहू यूथ में प्रथम, जूनियर में द्वितीय और सीनियर में तृतीय. 64किग्रा-यूथ/जूनियर/सीनियर मेघा पाल सभी में प्रथम, +81किग्रा यूथ में श्रेया साहू तृतीय 49 किग्रा यूथ चिरंजीव भारती-तृतीय,55 किग्रा यूथ तुषार साहू- द्वितीय, 55 किग्रा यूथ अंकित भारती- तृतीय, जूनियर/55 किग्रा हंसराज मार्कंडेय द्वितीय, सीनियर 55 किग्रा विजय महेश्वरी प्रथम,55 किग्रा राजा भारती द्वितीय,61 किग्रा यूथ हनी वर्मा तृतीय, जूनियर 61 किग्रा विकास लहरे प्रथम, 61 किग्रा सीनियर कोमल महेश्वरी प्रथम,जूनियर 67 किग्रा मोहित नामदेव द्वितीय, सीनियर 67 किग्रा राहुल जांगड़े द्वितीय, सीनियर 67 किग्रा टोमन भारती तृतीय,81 किग्रा यूथ/जूनियर/सीनियर देवव्रत शर्मा प्रथम ,96किग्रा यूथ/जूनियर आदित्य साहू द्वितीय, जूनियर 102किग्रा झामेंद्र पाल प्रथम, सीनियर102किग्रा झामेंद्र पाल द्वितीय रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला वेटलिफ्टिंग संघ के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

### डॉक्टर-प्रोफेसर शामिल हुए मेडिकल कॉलेज की खेल प्रतियोगिताओं में



**रायपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी चिकित्सा छात्रों, प्राध्यापकों एवं अधिकारी, कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। छात्र-छात्राओं के लिए बालक व बालिका वर्ग में बैडमिंटन प्रतियोगिता एवं प्राध्यापकों, अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सिंगल व डबल के मैच खेले गये। बैडमिंटन (बालक) सिंगल में आदित्य जैन ने कड़े मुकाबले में प्रदीप सलाम को परास्त कर विजेता के मेडल पर कब्जा जमाया। बालिका सिंगल में अंजलि मिश्रा रनर व अंजू पैंकरा विनर बनीं। इसी प्रकार बालिका डबल में हर्षिता तलंडी, मनीषा केसरी विजेता व अंजलि मिश्रा, लेनिशा उपविजेता रहे। प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कैरम प्रतियोगिता के सिंगल में विजेता ज्ञानेश यादव व उपविजेता हेमंत वर्मा रहे। कैरम डबल में ज्ञानेश यादव व हेमंत वर्मा की जोड़ी ने धर्मेंद्र नायक व विकास मिश्रा को हराकर गोल्ड मेडल जीता। फाइनल मैच की अतिथि डॉ. स्निग्धा जैन (एसोसिएट प्रोफेसर एंड हेड फोरेंसिक मेडिसिन विभाग) तथा डॉ. नागेंद्र सोनवानी (असिस्टेंट प्रोफेसर फोरेंसिक मेडिसिन विभाग) थे।पुरस्कार वितरण दोनों अतिथियों के करकमलों से संपन्न हुआ। संपूर्ण प्रतियोगिता क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुधीर राजपाल के निर्देशन में समस्त छात्र-छात्राओं के सहयोग से संपन्न हुई।

### सेंट्रल ज़ोन दिव्यांग क्रिकेट 24 सितंबर से भिलाई में




**रायपुर।** सेंट्रल जोन फिजिकल डिसएबिलिटी क्रिकेट डेवलपमेंट काउंसिल की बैठक भिलाई में हुई। जिसमें मौजूद सभी राज्यों से आए हुए पदाधिकारियों ने दिव्यांग क्रिकेट के विकास एवं दिव्यांग खिलाडियों की समस्याओं पर गहन चर्चा की। इस दौरान कई समितियों का गठन किया गया। जिनमे प्रमुख रूप से सोशल मीडिया कमेटी, डेवेलपमेंट कमेटी, इवेंट मैनेजमेंट कमेटी, जिला पंजीयन कमेटी शामिल है। इसी तरह आगामी सेंट्रल ज़ोन दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2024 के आयोजन को लेकर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया । यह प्रतियोगिता दिनांक 24 सितंबर से 29 सितंबर के मध्य भिलाई में आयोजित की जायेगी जिसमे मध्य प्रदेश ,उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड,राजस्थान, विदर्भ, मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमें भाग लेगी।

### तेजी से होने वाले सिरदर्द को लेकर गंभीरता बरतना जरूरी

# माइग्रेन रहता है तो हो जाएं सावधान, इससे हार्ट अटैक और जानलेवा रोग का भी बढ़ सकता है खतरा

माइग्रेन बहुत सामान्य सी न्यूरोलॉजिकल समस्या है जिसमें सिर के एक हिस्से में तेज दर्द होने लगता है। इस दर्द के अनुभव के साथ धड़कनों में तेजी, मतली, उल्टी और ध्वनि-प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता का भी अनुभव हो सकता है। माइग्रेन का सिरदर्द, सामान्य सिरदर्द की तुलना में अधिक तीव्रता वाला होता है, इसपर गंभीरता से ध्यान देने की भी आवश्यकता होती है क्योंकि कुछ स्थितियों में ये साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर के कारण होने वाली समस्या भी हो सकती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर आपको लंबे समय से माइग्रेन की समस्या बनी हुई है, तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। माइग्रेन पर ध्यान न देना हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। यही कारण है कि समय रहते इस समस्या का निदान और उपचार किया जाना चाहिए। आइए माइग्रेन के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानते हैं।



### माइग्रेन और इसके जोखिम

शोधकर्ताओं ने बताया कि माइग्रेन वाले किसी व्यक्ति के जीवनकाल में इस्केमिक स्ट्रोक होने का जोखिम लगभग दोगुना हो जाता है। इसके अलावा क्रोनिक माइग्रेन कुछ लोगों के जीवन की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव भी डाल सकती है। इसके अलावा जिन लोगों को अक्सर माइग्रेन की दिक्कत होती रहती है उनमें मानसिक स्वास्थ्य या नींद की समस्या का खतरा भी काफी बढ़ जाता है।

### माइग्रेन को ट्रिगर होने से बचें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माइग्रेन का सिरदर्द कुछ स्थितियों में गंभीर और दीर्घकालिक तौर पर मस्तिष्क क्षति के खतरे बढ़ाने वाला हो सकता है। कुछ स्थितियों में इसके कारण कार्डियोवस्कुलर समस्याओं का भी जोखिम रहता है। आप माइग्रेन को प्रबंधित करने के लिए कुछ उपायों को अपनाकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि आपको सिरदर्द होता है तो इसको ट्रिगर करने वाली समस्याओं के बारे में जानें और उससे बचाव के लिए उपाय करते रहें। स्वस्थ आहार का सेवन करें और किसी समय भोजन न छोड़ें।

### माइग्रेन के कारण होने वाली दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुनियाभर में, स्ट्रोक मृत्यु का दूसरा सबसे आम कारण है। भारत में सालाना 1.85 लाख से अधिक लोग स्ट्रोक के शिकार होते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में स्ट्रोक होने का खतरा अधिक हो सकता है। माइग्रेन और इस्केमिक स्ट्रोक के बीच संबंधों को लेकर कई अध्ययनों में भी स्पष्ट किया गया है, क्योंकि ये दोनों रक्त वाहिकाओं की आपूर्ति से संबंधित समस्याएं हैं। अध्ययन से पता चलता है कि माइग्रेन से मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन, स्ट्रोक और हृदय मृत्यु का खतरा भी बढ़ सकता है।



### हृदय रोग और स्ट्रोक का बढ़ सकता है जोखिम

एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि जो लोग माइग्रेन से पीड़ित हैं, उनमें हृदय संबंधी समस्याओं जैसे दिल का दौरा या हृदय गति से संबंधित विकारों जैसे एट्रियल फाइब्रिलेशन का खतरा दो गुना अधिक हो सकता है। जर्नल ऑफ न्यूरॉलजी में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं की टीम ने बताया कि माइग्रेन का अगर समय रहते उपचार न किया जाए तो इसके कारण इस्केमिक स्ट्रोक हो सकता है जो जानलेवा दुष्प्रभावों वाला माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऐसे लोग जो पहले से माइग्रेन की समस्या से परेशान हैं उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों से जरूर मिलना चाहिए।

# हथेली की एक रेखा पूरा करती है आपका विदेश यात्रा का सपना

प्रत्येक व्यक्ति की हथेली पर कई तरह की रेखाएं और निशान बने होते हैं। एक रेखा विदेश यात्रा की भी है। हस्तरेखा शास्त्र की माने तो हथेली पर यात्रा रेखा कई जगहों पर बनती है। यात्रा रेखाओं के जरिए से हम ये जान सकते हैं कि व्यक्ति अपने जीवन में कभी विदेश यात्रा कर पाएगा या नहीं।

यदि किसी की हथेली पर कोई लकीर जीवन रेखा से निकलकर भाग्य रेखा को पार करते हुए चंद्र पर्वत की ओर जाए तो विदेश यात्रा का योग बनता है। मान्यता है कि ये लकीर जितनी गहरी और साफ सुथरी होगी विदेश यात्रा उतनी ही सफल होगी।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार यदि किसी व्यक्ति की हथेली पर बुध पर्वत के पास से कोई रेखा निकलकर सूर्य पर्वत पर जा मिलती हो तो ऐसा व्यक्ति कई बार विदेश यात्रा करता है।

वहीं यदि किसी व्यक्ति की हथेली में चंद्र पर्वत से निकलकर कोई रेखा शनि पर्वत से मिलती है तो ऐसे व्यक्ति का भाग्य विदेश में जाकर चमकता है।

हथेली पर मौजूद कुछ निशान बहुत ही शुभ होते हैं, जिनमें त्रिभुज जैसा निशान बहुत खास होता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार यदि चंद्र पर्वत पर त्रिभुज का निशान बने तो समझिए आपको कई बार विदेश यात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वहीं हथेली की रेखाओं और निशान के अलावा तिलों से भी विदेश यात्रा के बारे में संकेत मिलते हैं। यदि किसी व्यक्ति की दाहिनी भौंह के पास कोई तिल का निशान बने तो व्यक्ति का व्यापार दूसरे देशों में भी होता है।

# घर में जरूर रखें फेंगशुई मेंढक आपके घर में आएगी सुख-समृद्धि

फेंग शुई में मनी फ्रॉग के रूप में संदर्भित तीन-पैर वाले मेंढक को धन और सफलता को आकर्षित करने के लिए फेंग शुई समायोजन के रूप में नियोजित एक सामान्य चीनी प्रतीक माना जाता है। अधिक वित्तीय संपन्नता को आकर्षित करने के लिए तीन-पैर वाले मेंढक को अक्सर अधिक पारंपरिक फेंग शुई उपाय के रूप में नियोजित किया जाता है। घर में फेंगशुई मेंढक रखना बहुत शुभ माना जाता है। फेंगशुई के तीन टांगों वाले मेंढक सकारात्मक शक्ति के प्रतीक होते हैं।



### फेंगशुई मेढक से जुड़े उपाय

फेंगशुई मेढक को हमेशा घर के अंदर रखना चाहिए। इसे घर के मुख्य दरवाजे के आसपास रखना चाहिए। मनी फ्रॉग को मुख्य प्रवेश द्वार पर रखते समय इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि उसका मुख किस दिशा में है। फेंगशुई में तीन टांगों वाला मेंढक बहुत भाग्यशाली माना जाता है। इसे रखने से घर में धन की कभी कमी नहीं होती है। मूर्ति को घर के धनक्षेत्र में रखने के लिए फेंग शुई बगुआ मानचित्र का उपयोग करें। घर के सामने के प्रवेश द्वार पर खड़े होकर अंदर की ओर मुंह करके आपको धन क्षेत्र का पता लगाने में मदद मिल सकती है। फेंगशुई के अनुसार तीन टांगों वाला मेंढक घर में रखने से किस्मत चमकती है।



# संवेदनशील पार्टनर से रिश्ता निभाते समय रखें इन बातों का ध्यान

अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति को डेट करना अविश्वसनीय अनुभव हो सकता है, ऐसे व्यक्ति गहराई से प्यार करते हैं। बहुत अधिक मिलनसार होते हैं और आपके जीवन में शामिल अधिकांश लोगों से बेहतर वह आपको समझते हैं।

वह बिना पूछे आपकी देखभाल करते हैं और कभी-कभी आपकी जरूरतों का ध्यान जरूरत से ज्यादा रखते हैं। हालांकि वह भी चाहते हैं कि उनका साथी उन्हें समझे और देखभाल करें। शोध के अनुसार, दुनिया की 20 फीसदी में आबादी अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति शामिल हैं। वह अपने आसपास के लोगों के प्रति उच्च स्तर का सहानुभूति महसूस करते हैं, दूसरों के बारे में सोचते हैं और अक्सर अति उत्तेजित हो जाते हैं।

अगर आप किसी अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति के साथ रिश्ते में हैं या डेट कर रहे हैं, तो यह किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहने का मौका है जो आपको गहराई से समझेगा और आपकी भावनाओं की परवाह करेगा। हालांकि, एक संवेदनशील व्यक्ति के साथ होने के लिए आपको प्रभावी संचार के माध्यम से अपने साथी की आंतरिक जरूरतों को समझने की जरूरत होती है, साथ ही अपने जीवन में पर्याप्त स्थान देने की भी आवश्यकता होती है।

### अच्छे श्रोता



संवेदनशील लोग बिना कहे किए गए इशारों को समझने में बेहतर होते हैं। इस कारण उन्हें पता होता है कि आपको क्या चाहिए। जरूरी है कि आपके बीच प्रभावी संवाद हो और अच्छे श्रोता की तरह उन्हें सुनें ताकि आपको भी उनकी पसंद या जरूरतों के बारे में पता हो सके। उन्हें समझ कर ही आप दोनों के बीच का बॉन्ड मजबूत बन सकता है।

### कुछ स्पेस दें

अत्यधिक सेंसिटिव व्यक्ति को अपनी भावनाओं और स्थिति को समझने में समय लगता है। उनकी पहली प्रवृत्ति सूचनाओं और अपने आस-पास के लोगों से अभिभूत हो जाना है। जब जब चीजें गलत हो जाती हैं तो आपको लगता है कि उनके साथ रहना सही निर्णय है, लेकिन कभी-कभी उन्हें सोचने और अपनी भावनाओं को शांत करने के लिए कुछ स्पेस की आवश्यकता होती है।

### उनकी भावनाओं को अपनाएं

ऐसे लोग दूसरों की तुलना में अधिक गहराई के साथ भावनाओं को महसूस करते हैं। इसका अर्थ ये बिल्कुल नहीं है कि वह अव्यवहारिक हैं और ओवररिएक्ट करते हैं। उनकी भावनाओं को अस्वीकार करना और उनसे कहना कि वह ज्यादा सोच रहे हैं, उन्हें और भी अधिक हताश कर सकता है। भले ही आप उन्हें समाधान न बता सकें लेकिन उन्हें बताएं कि आप उनकी भावनाओं को समझते हैं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

INFOROB Believe in innovation
Learn Today, Lead Tomorrow-Your Future Star
Join our Technological Certified Courses
• Python • Artificial Intelligence • Robotics
• Block Coding • Web Design • Game Design
Admission Open Limited Seats Age Group 5 years and above.
Our Other Services:
• 1 Year internship for Diploma/ degree students
• Certificate Courses for Robotics and AI
• Summer & Winter Camp Workshop on Robotics
D 105, Guru Ghasidas Society, Priyadarshini Nagar, New Rajendra Nagar, Raiupr, Chhattisgarh 492001
8721906433, 9862047382 Time : 5pm to 8pm Follow us : inforob_robotics

krishna vatika
Call and Booking Now
9406026313
9981002160
Facilities
•20000sq.ft. Lush Green Party Lawn.
•Parking Facility
Events
• Birthday party, Kitty Party, Wedding.
• Anniversary, Ring Ceremony
पता- समता परिसर के सामने लालपुर, रायपुर (छ.ग.)

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking
Fire Detection | Boom Barrier Gate Autorn | Audio Conf | Smart Class Set up | Walky Talky | Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम) गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया, बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262


।। जय जगन्नाथ ।।
ज्योतिष समाधान एवं वास्तु शास्त्री
आचार्य जितेन्द्र मसंद
9200028000, 7770916666
जन्मकुण्डली, वास्तु, वास्तु अनुरूप नक्शा के लिए संपर्क करें
@AcharyaJitendramasand
जगन्नाथ मंदिर के पास, गायत्री नगर, मेन रोड, अंवति विहार, रायपुर (छ.ग.)

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'जुरासिक वर्ल्ड' फिल्म की पहली झलक आई सामने, मेकर्स ने टाइटल का भी किया खुलासा



यूनिवर्सल पिक्चर्स और एम्बलिन एंटरटेनमेंट की नई जुरासिक वर्ल्ड फिल्म के मेकर्स ने गुरुवार सुबह इसके टाइटल का खुलासा कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की पहली झलक भी सामने आ गई है। इस फिल्म का नाम 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' है। अगले साल 2 जुलाई को ये सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जोनाथन बेली और महरशला अली स्टारर जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ में एक टीम जमीन, समुद्र और हवा में तीन सबसे विशाल जीवों से डीएनए नमूनों को सुरक्षित करने के लिए दौड़ती हुई दिखाई देती है। जुरासिक वर्ल्ड डोमिनियन की घटनाओं के पांच वर्ष बाद प्लानेट की पारिस्थिति डायनासोर के लिए काफी हद तक अमानवीय साबित होती है। इस दौरान जो बचे हैं, वो अलग-अलग वातावरण में रहते हैं। जीवमंडल के भीतर तीन सबसे विशाल जीव एक ऐसी दवा की कुंजी रखते हैं, जो मानव जाति को चमत्कारिक जीवन रक्षक लाभ पहुंचाएगी। जोहानसन ने इसमें जोरा बेनेट की भूमिका निभाई है, जो एक ऑपरेशन स्पेशलिस्ट है। जोरा को दुनिया के तीन सबसे बड़े डायनासोर से जेनेटिक मटेरियल सुरक्षित करने के लिए एक सीक्रेट मिशन पर एक टीम का नेतृत्व करने के लिए रखा गया है। उनका ये ऑपरेशन एक नागरिक परिवार से जुड़ता है, जिनका नौका अभियान जल में रहने वाले डायनासोरों द्वारा पलटे जाने पर वह फंस जाते हैं। जोनाथन बेली इनमें विज्ञानी डॉ. हेनरी लूमिस की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, महरशला अली इसमें जोरा के सबसे भरोसेमंद टीम लीडर डंकन किनकैड की भूमिका में हैं। रूपर्ट फ्रेंड ने बिग फार्मा के प्रतिनिधि मार्टिन क्रेब्स का किरदार और मैनुअल गार्सिया-रुल्फो ने इसमें रूबेन डेलगाडो की भूमिका निभाई। वह जहाज के मलबे में फंसे नागरिक परिवार के पिता होते हैं।

### टॉलीवुड

## पद्मिनी के बयान से मचा बवाल कहा-निर्देशक कहते हैं ऐसा करने



मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों संकट के पहाड़ टूट पड़े हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों ने पूरी इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया है। तमिल अभिनेत्रियों ने उत्पीड़न की अपनी भयावह दास्तां बयां की है। कई अभिनेत्रियों के बाद अब अभिनेत्री और टेलीविजन धारावाहिक निर्माता कुट्टी पद्मिनी ने तमिल टीवी जगत में बड़े पैमाने पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। हाल ही में उन्होंने दावा किया है कि निर्देशक यौन संबंधों के लिए कहते हैं। कुट्टी पद्मिनी ने एक बातचीत में कहा, 'यह भी किसी अन्य पेशे डॉक्टर, वकील, आईटी व्यक्ति की तरह ही है। इसे देह व्यापार क्यों कहा जाना चाहिए? यह बहुत गलत है।' उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'निर्देशक और तकनीशियन टीवी धारावाहिकों में महिला कलाकारों से यौन संबंध बनाने की मांग करते हैं। कई महिलाएं शिकायत नहीं करतीं, क्योंकि यौन उत्पीड़न साबित नहीं हो पाता है। कुछ महिलाएं इसे बर्दाश्त कर लेती हैं, क्योंकि वे अच्छा कमाती हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'कई महिलाओं ने इस वजह से आत्महत्या कर ली है।' कुट्टी ने गायिका चिमई और अभिनेत्री श्री रेड्डी पर बैन लगाने पर भी सवाल उठाया, जिन्होंने पहले इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। कुट्टी पद्मिनी ने आगे दावा किया कि एक बाल कलाकार के रूप में भी उनका यौन उत्पीड़न किया गया था। उन्होंने कहा, 'जब मेरी मां ने इस मुद्दे को उठाया तो मुझे एक हिंदी फिल्म से निकाल दिया गया।' पिछले कुछ दिनों में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की कई अभिनेत्रियों ने यौन उत्पीड़न के अपने भयावह मामलों को साझा किया है।

### छॉलीवुड

## 'लॉकडाउन के मया' में सुनाई देंगे नवलदास मानिकपुरी के गीत



छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार नवलदास मानिकपुरी लोक कला और छत्तीसगढ़ी सिनेमा की विभिन्न विधाओं में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। जल्द ही छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लॉकडाउन के मया' में नवल दास मानिकपुरी के लिखे गीत सुनाई देंगे। इस फिल्म में उन्होंने दो गीतों को संगीतबद्ध भी किया है। हाल ही में इस फिल्म के गीतों की रिकार्डिंग राजधानी रायपुर में की गई। इन गीतों को छतीसगढी फिल्मों के सुप्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा ने स्वर दिया। फिल्म के अन्य गीतों को भागवत निषाद ने संगीत दिया है। उल्लेखनीय है कि उम्र के छठवें पायदान पर पहुंच चुके नवल दास मानिकपुरी ने छह साल की उम्र से ही मंचीय प्रस्तुति देना शुरू कर दिया था। नाचा, गम्मत, रामधुनी, खड़े साज, कृष्ण लीला, रहस और कला मंच पर आधारित समस्त लोकविधाओं में मानिकपुरी अपना कला कौशल दिखाते रहे हैं। शुरूआती दिनों में रंगमंच के लिए समर्पित रहे नवलदास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की बेला में शुरू हुए छत्तीसगढ़ी सिनेमा के नए दौर में भी अभिनेता, गीतकार, संगीतकार और गायक के तौर पर अपना महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहे है। छत्तीसगढ़ी फिल्मों में उनके लिखे गीत इन दिनों धूम मचा रहे हैं। लोककलाकार नवलदास मानिकपुरी की पत्नी अनुसुईया मानिकपुरी भी स्थापित लोकगायिका है, वहीं उनके सुपुत्र मनीष मानिकपुरी छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रख्यात निर्देशक हैं।

## पर्स के साथ नर्स

लाइफ स्टाइल



सेवा की मिसाल नर्स अगर रैम्प पर चले तो हैरानी होना स्वाभाविक है। पेरिस में पिछले दिनों डिजाइनर मार्क जैकब्स के कलेक्शन के साथ नर्स बाकायदा रैम्प पर उतरी। सभी नर्स ने खास तौर पर डिजाइन किया हुआ पर्स पकड़ा था। इस शो के डायरेक्टर लूइस वुइटन ने सभी नर्सों को पारदर्शी प्लास्टिक कोट में रैम्प पर उतारा था। इस शो की दर्शकों ने खूब तारीफ की।

## बारिश के दिनों में बचें बॉडी बटर के इस्तेमाल से

बॉडी बटर का इस्तेमाल हर मौसम में नहीं किया जाना चाहिए। खासतौर से, बारिश के दौरान बॉडी बटर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इस मौसम में अगर नियमित रूप से बॉडी बटर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मानसून के दौरान बॉडी बटर का इस्तेमाल करने के कुछ नुकसान के बारे में बता रहे हैं-

### स्किन रहती है चिपचिपी

मानसून का मौसम नमी बहुत अधिक बढ़ जाती है। वहीं, दूसरी ओर बॉडी बटर की कंसिस्टेंसी थिक होती है। जिसके कारण जब बॉडी बटर को स्किन पर अप्लाई किया जाता है तो यह स्किन में जल्दी से अब्जॉर्ब नहीं हो पाता है। जिससे आपकी स्किन अधिक ऑयली, चिपचिपी या फिर ग्रीसी महसूस हो सकती है।

### क्लॉग पोर्स की समस्या

बॉडी बटर स्किन पर काफी हैवी हो सकता है।



यदि आप इसे अधिक मात्रा में लगाती हैं या फिर आप मानसून में अपनी एक्ने प्रोन स्किन पर अप्लाई करती हैं तो इससे आपके पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन इरिटेशन या ब्रेकआउट की शिकायत भी हो सकती है।

### फंगल इंफेक्शन का बढ़ता खतरा

मानसून के दौरान ह्यूमिडिटी के कारण फंगल इंफेक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। हालांकि, अगर आप इस मौसम में बॉडी बटर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे यह समस्या और भी अधिक बढ़ सकती है। अगर आप शरीर की हाइजीन का पूरा ख्याल नहीं रखते हैं और पसीना जमा होने वाले एरिया पर बॉडी बटर लगाते हैं तो इससे आपको फंगल इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है।

### हो सकता है एलर्जिक रिएक्शन

कई बार बॉडी बटर में फ्रेगरेंस आदि का इस्तेमाल किया जाता है और इसलिए अगर बॉडी बटर को सेंसेटिव स्किन पर लगाया जाता है तो इससे एलर्जिक रिएक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। मानसून के दौरान नमी के कारण एलर्जिक रिएक्शन की संभावना काफी बढ़ जाती है। जब आप मानसून में स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए बॉडी बटर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपको बैड स्मेल की समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है।

## ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को साड़ी के साथ इन तरीकों से करें कैरी




साड़ी एक ऐसा एथनिक वियर है, जिसे किसी भी ओकेजन पर आसानी से कैरी किया जा सकता है। आमतौर पर, हम सभी ऑफिस से लेकर पार्टी तक साड़ी को स्टाइल करते हैं। यूं तो साड़ी देखने में बेहद ही ग्रेसफुल लगती है, लेकिन अगर इसके साथ ज्वैलरी को सोच-समझकर स्टाइल किया जाए तो इससे आपका लुक और भी अधिक निखर जाती है।



साड़ी के स्टाइल के अनुसार आप पर्ल से लेकर कुंदन, डायमंड व गोल्ड ज्वैलरी आदि कई तरह की एक्सेसरीज कैरी कर सकती हैं। लेकिन ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी की बात ही कुछ और है। इसे आप कई तरह से स्टाइल कर सकती हैं।

### पहनें स्टेटमेंट नेकपीस

अगर आप किसी पार्टी के लिए रेडी हो रही हैं और साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में स्टेटमेंट नेकपीस पहननाअच्छा विचार हो सकता है। कोशिश करें कि आप साड़ी के साथ डिज़ाइनर ब्लाउज और स्टेटमेंट ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को स्टाइल करें। यह आपके स्टाइल को इंडो-वेस्टर्न लुक देता है। ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी के साथ आप अपनी आइज को बोल्ड लुक दें।

### स्टाइल करें नेकपीस और इयररिंग्स

अगर आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी पहनते समय एक बैलेंस लुक चाहती हैं तो ऐसे में ऑक्सीडाइज्ड नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स को भी स्टाइल किया जा सकता है। यह एक ग्रेसफुल लुक है और डे टाइम या इवनिंग टाइम में अगर आप कहीं बारह जा रही हैं तो ऐसे में आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड नेकपीसके साथ इयररिंग्स को कैरी करें। जब आप इन दोनों को एक साथ पहन रही हैं तो इनमें से एक लाइट व दूसरा हैवी हो।

### पहनें झूमके

झूमके या चांदबाली ऐसी इयररिंग्स हैं, जो साड़ी के साथ बेहद अच्छी लगती हैं। अगर आप भी साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को मिनिमम तरीके से कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में झूमके को स्टाइल किया जा सकता है। वहीं, अगर आप किसी खास अवसर के लिए तैयार हो रही हैं तो ऐसे में आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को पेयर किया जा सकता है।

## बेल स्लीव्स में स्टनिंग दिखने फॉलो करें ये जरूरी टिप्स

बेल स्लीव्स डिजाइन नार्मल स्लीव्स से काफी अलग होता है, इसलिए जब आप इसे डिजाइन करवाती हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का भी ध्यान रखना होता है। इन टिप्स को फॉलो करके आपका ओवर ऑल लुक काफी अच्छा लगता है।।

### लेंथ पर दें ध्यान

जब आप बेल स्लीव्स पहन रही हैं तो आपको उसकी लेंथ पर भी ध्यान देना चाहिए। आप अपने बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए लेंथ को सलेक्ट करें। मसलन, अगर आपकी हाइट कम है तो अपने लुक को बैलेंस करने के लिए आप शॉर्ट स्लीव्स को चुनें। वहीं, अगर आप स्लिम हैं और आपकी हाइट लंबी हैं तो आप थ्री फोर्थ लेंथ की बेल स्लीव्स भी डिजाइन करवा सकती हैं।

### ओकेजन का रखें ध्यान

बेल स्लीव्स को यूं तो किसी भी ओकेजन पर पहना जा सकता है, लेकिन जब आप उसे स्टाइल कर रही हैं तो आपको ओकेजन का खास तौर पर ध्यान रखना चाहिए। मसलन, कैज़ुअल



आउटिंग के लिए, जींस या शॉर्ट्स के साथ फ्लोई बेल स्लीव्स टॉप एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है, वहीं किसी फॉर्मल ओकेजन के लिए आप बेल स्लीव्स के साथ स्ट्रक्चर्ड टॉप पहन सकती हैं। भले ही आपने बेल स्लीव्स को स्टाइल करने का मन बनाया है, लेकिन फिर भी आप इसमें कई स्टाइल को कैरी कर सकती हैं। मसलन, फ्लोइंग से लेकर बोहेमियन या फिर नेट बेल स्लीव्स लुक आप स्टाइल कर सकती हैं।

## लैटे मेकअप में परफेक्ट लुक पाने के लिए अपनी स्किन पर दें पूरा ध्यान

मेकअप ट्रेन्ड समय के साथ हमेशा ही बदलते रहते हैं। पिछले कुछ समय से लैटे मेकअप काफी चलन में है। यह मेकअप आपको एक नेचुरल, सॉफ्ट और वार्म अपीयरेंस देता है। यह मेकअप कॉफी से इंस्पायर्ड है और इसमें ब्राउन के डिफरेंट शेड्स को शामिल किया जाता है। इन दिनों हर कोई लैटे मेकअप करना पसंद कर रहा है, लेकिन फिर भी हर कोई परफेक्ट लुक क्रिएट नहीं कर पाता है।

### स्किन क्लीनिंग है जरूरी

लैटे मेकअप में नेचुरल फिनिश लुक क्रिएट किया जाता है और यह केवल तभी संभव है, जब आप मेकअप से पहले अपनी स्किन को तैयार करें। लैटे मेकअप की शुरुआत करने से पहले आप एक बार अपनी स्किन को अच्छी तरह क्लीन करें और फिर उसे मॉइश्चराइज करें।

### लाइट हो फाउंडेशन

चूंकि लैटे मेकअप में नेचुरल और सन किस्ड लुक क्रिएट करने की कोशिश की जाती है, इसलिए हमेशा



ध्यान रखें कि आप लाइट फाउंडेशन ही करें। आप बेस के लिए बीबी क्रीम या फिर स्किन टिंट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो फेस पर मॉइश्चराइजर लगाकर उसे लूज पाउडर से डैब कर सकती हैं।

### लाइनर व कंटूरिंग को करें अवॉयड

लैटे मेकअप करने में आपको बहुत अधिक समय नहीं लगता है। जब आप लैटे मेकअप कर रही हैं तो ऐसे में आप लाइनर को अवॉयड कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## आउटफिट स्टाइल करने आज जोरों पर चलन है पोटली बैग का

## लुक को खूबसूरत बनाने के लिए इन एथनिक वियर के साथ पोटली बैग को करें स्टाइल

*जब भी हम कुछ आउटफिट स्टाइल करते हैं तो इसके साथ हम कई तरह की एक्सेसरीज को स्टाइल करते हैं ताकि अपने लुक को परफेक्ट बना सके। इनमें से एक हैं बैग्स जिन्हें लड़कियां आउटफिट के साथ स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन इसमें भी आपको कई सारे डिजाइन मिल जाते हैं जो दिखने के साथ-साथ स्टाइल करने में भी अच्छे लगते हैं। अगर आपको भी बैग की अलग-अलग कलेक्शन रखना पसंद है तो इसके लिए आप यहां दिखाए गए पोटली डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।*



### पर्ल पोटली बैग डिजाइन

अगर आप किसी पार्टी में जा रही हैं और एथनिक आउटफिट वियर कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट है पर्ल डिजाइन वाला पोटली बैग। इस तरीके की पोटली बैग के डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड में हैं। इसमें आपको अंदर की तरह कपड़े की पोटली मिलेगी और बाहर पर्ल से इसे कवर किया हुआ होगा। इसी के साथ इसकी डोरी में भी पर्ल मिलेंगे। इस तरीके के पोटली बैग आप लहंगे, साड़ी और सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ये आपके लुक को क्लासी बनाते हैं साथ ही खूबसूरत लगते हैं। मार्केट से आप इन्हें 500 की रेंज में खरीद सकती हैं।



### हैंड वर्क पोटली बैग डिजाइन

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें हैंड वर्क वाली चीजें काफी पसंद होती है। ऐसे में आप इस तरीके के पोटली बैग (सिल्क पोटली डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको हाथों से किया हुआ काम मिलेगा। जिसमें थ्रेड वर्क का इस्तेमाल किया होगा। आप इस तरीके के बैग को एथनिक वियर के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसमें की गई एम्ब्राइडरी कभी काली नहीं पड़ती है। बस आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि जब भी इसे वॉश करें तो मशीन का इस्तेमाल न करें। वरना ये खराब हो जाएगा। इस तरीके के बैग के डिज़ाइन आपको मार्केट में 250 से 500 की रेंज में मिल जाएंगे।

### सीक्वेंस वर्क पोटली बैग डिजाइन

हम कई बार सिंपल आउटफिट को स्टाइल करते हैं और उसे हैवी लुक देने की कोशिश करते हैं। अगर आप भी ऐसा कुछ करती हैं तो इसके लिए आप इस तरीके के पोटली बैग (पोटली बैग स्टाइल करने का तरीका) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको सीक्वेंस वर्क, मिरर वर्क और गोटा पट्टी वर्क वाले बैग मिल जाएंगे। जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप किसी भी कलर को चूज कर सकती हैं, साथ ही इस पोटली को लुक कंप्लीट करने के लिए आउटफिट के साथ पेयर कर सकती हैं। इस तरीके के पोटली बैग आपको मार्केट में 200 से 500 की रेंज में मिल जाएंगे।